# मण्डल रेल प्रबंधक संग संरक्षा आयुक्त ने ट्राली से इंदारा दोहरीघाट रेल खण्ड पर नई बड़ी लाईन का गहन निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालन सुगमता हेतु मूलभूत ढाँचे में विस्तार के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के इन्दारा-दोहरीघाट (34.8 किमी) रेल खण्ड का आमान परिवर्तन का खण्ड पर नई बड़ी लाईन का निरीक्षण करते हुए किमी सं-1/6-7 पर कोपागंज इंड के ट्रेलिंग पॉइंट संख्या-20 पर पहुँचे पॉइंट क्रासिंग एवं गेज टेस्टींग के बाद स्विच एक्स्टेन्शन जॉइंट का गहन निरीक्षण किया । तदुपरांत संरक्षा आयुक्त किमी सं-4/5-7 पर कर्व मैन का संरक्षा ज्ञान परखते हुए कर्व सं-03 के इन्डेन्ट और अभिकेन्द्रीय त्वरण का मापन किया। इसके बाद रेलखण्ड का निरीक्षण करते हुए संरक्षा आयुक्त किमी सं-11/8-9 पर रेल अंडर ब्रिज सं-12 पर पहुँचे और अंडर ब्रिज की गुणवत्ता के साथ सड़क यातायात



कार्य विद्युतीकृत बड़ी लाईन के निर्माण के साथ पूर्ण होने के पश्चात आज शुक्रवार को मोहम्मद लतीफ खान रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्वी सर्किल द्वारा संरक्षा निरीक्षण किया गया।इस दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(निर्माण) एस सी श्रीवास्तव ,मंडल रेल प्रबंधक (वाराणसी) रामाश्रय पाण्डेय, मुख्य इंजीनियर/निर्माणअखिलेश त्रिपाठी,अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रास्ट्रक्चर) राहुल श्रीवास्तव समेत पूर्वोत्तर रेलवे निर्माण संगठन एवं वाराणसी मंडल वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।सीआरएस निरीक्षण स्पेशल ट्रेन से इंदारा पहुँचने के बाद रेल संरक्षा आयुक्त मोटर ट्राली से इंदारा-दोहरीघाट रेल सं-02 के इन्डेन्ट का मापन करते हुए किमी सं-6/3-4 पर माईनर ब्रिज सं-6 के ण् कंक्रीट बॉक्स का निरीक्षण किया । इसके बाद संरक्षा आयुक्त किमी सं-6/6-7 पर स्थित रेलवे फाटक सं-05 का निरीक्षण किया गेट मैन अरविन्द कुमार से संरक्षा प्रश्न पूछा उत्तर से संतुष्ट हुए, इसके साथ ही उन्होंने 5 गेट पर बने अंडरपास का भी निरीक्षण किया और सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के निमित्त संरक्षा परखी। इसके पश्चात रेल संरक्षा आयुक्त कोपागंज स्टेशन पहुँचे स्टेशन के निरीक्षण के उपरांत उन्होंने स्टेशन सीमा में किमी- 7/2-3 पर स्थित रेलवे फाटक सं-06 का संरक्षा निरीक्षण किया और मोबाईल गेट की संरक्षा हेतु निरीक्षण करते हुए किमी सं-17/8-9 पर घोसी पहुँचे घोसी स्टेशन निरीक्षण के पश्चात वे किमी सं-28/0-1 पर स्थित मेजर ब्रिज सं-30 पर पहुँचे जहाँ उन्होंने फाउंडेशन, अप्रोच,गर्डर,स्पैन एवं फिटिंग्स का संरक्षा निरीक्षण किया। इस दौरान रेल संरक्षा आयुक्त घोसी-दोहरीघाट रेल खण्ड का निरीक्षण करते हुए किमी सं-32/4-5 पर स्थित मेजर ब्रिज सं-33 का संरक्षा सम्बंधित निरीक्षण किया और निर्माण की गुणवत्ता परखते हुए दोहरीघाट स्टेशन पहुँचे एवं स्टेशन पर संस्थापित विभिन्न संरक्षा उपकरणों यथा लीवर लॉक, यांत्रिक लिवरों का निरीक्षण किया और विद्युतीकृत बड़ी लाईन सेक्शन के मानक के अनुरूप पाया। ज्ञातव्य हो कि इन्दारा-दोहरीघाट (34.8 किमी.) मीटर गेज रेल खण्ड के आमान परिवर्तन के लिये ? 213.35 करोड़ स्वीकृत था, जिसमें आमान परिवर्तन परियोजना का कार्य विद्युतीकरण के साथ पूरा किया जाना था। यह परियोजना को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण की गयी है। इस परियोजना के पूर्ण हो जाने से इन्दारा जं. से कोपागंज, घोसी, अमिला एवं दोहरीघाट जाने हेतु बड़ी लाइन रेल मार्ग उपलब्ध होने के साथ ही मेन लाइन से जुड़ जाने के कारण अब माल एवं यात्री परिवहन की उत्कृष्ट सुविधा क्षेत्रीय जनता को उपलब्ध होगी, जिससे इस क्षेत्र का विकास तीव्र गति से होगा। इन्दारा-दोहरीघाट खण्ड के बड़ी लाइन में परिवर्तित हो जाने से इस क्षेत्र में सवारी गाड़ियों/माल गाड़ियों के संचलन के साथ-साथ नई गाड़ियों के संचलन का मार्ग प्रशस्त होगा एवं भविष्य में लम्बी दूरी की गाड़ियाँ भी चलाई जा सकेंगी। इस खण्ड पर रेल यातायात खुल जाने से इन्दारा जं., कोपागंज, घोसी एवं अमिला से दोहरीघाट का आवागमन सरल हो गया है। पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि वाराणसी मंडल के इन्दारा- दोहरीघाट (34.8 किमी ) रेल खण्ड का आमान परिवर्तन का संरक्षा निरीक्षण करने के बाद रेल संरक्षा आयुक्त मो लतीफ़ खान ने इस खण्ड का स्पीड ट्रायल सफलता पूर्वक पूरा किया। इस दौरान सी आर एस स्पेशल ने 90 किमी प्रति घण्टे की रफ्तार को छुआ।

# सेंट जॉन्स को-एड स्कूल मे वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया

## रोमांच, उमंग और जयकारों के बीच अनुभव किया गया दिन जोश और उमंग से भरा हुआ था




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सेंट जॉन्स को-एड स्कूल ने छात्रों के बीच समग्र विकास लाने के उद्देश्य से शुक्रवार, 31 मार्च, 2023 को अपनी वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया। रोमांच, उमंग और जयकारों के बीच अनुभव किया गया दिन जोश और उमंग से भरा हुआ था प्रधानाचार्य श्री रेयान इनिस ने सभा को संबोधित किया और बैठक के खुले होने की घोषणा की। इसके बाद एक शानदार और अच्छी तरह से समन्वित इंटर-हाउस मार्च पास्ट किया गया। स्कूल हेड बॉय, आनंद मिश्रा ने खेलों में सच्ची भावना के साथ भाग लेने के लिए नियमों और विनियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रदर्शित शानदार नवीनता दौड़ और ड्रिल को देखकर दर्शक चकित रह गए, जिसमें 'ए कलरफुल बॉल शो' (नर्सरी), एंजल ड्रिल (प्री नर्सरी), ब्लूमिंग बड्स (प्रीप), चार्ली चैपलिन ड्रिल शामिल थे। , आदि। सेंट जॉन्स को-एड की उग्र और उत्साही खेल टीम द्वारा श्री आनंद द्विवेदी सहित कई ट्रैक और फील्ड कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। मिस्टर अमित रॉय और मिस्टर खान। पेगासस हाउस ने प्रतिष्ठित चैंपियन ट्रॉफी जीती। जय यादव और अनुष्का यादव ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार जीता। उत्साही माता-पिता ने लगातार प्रतिभागियों की सराहना की। विजेताओं को सुश्री बेट्टी मैथ्यूज (वाइस प्रिंसिपल), श्री संदेश दरवतकर (एडमिन हेड) और श्रीमती रत्ना गुप्ता (वरिष्ठ समन्वयक) द्वारा सम्मानित किया गया। यह खेल भावना, उत्साह और संजोने लायक यादों से भरा दिन था। कार्यक्रम का समन्वय और संचालन सुश्री शाबाहत फातिमा और श्रीमती क्रिस्टीना ब्रूस ने किया। कार्यक्रम का समापन हेड गर्ल और स्पोर्ट्स कैप्टन द्वारा प्रस्तावित धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसके बाद राष्ट्रगान को बड़े गर्व के साथ गाया गया।

# बढ़े ही उत्साहित मनाया गया प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** जिले के बिल्थरारोड मे प्रभु श्रीराम जन्म उत्सव के उपलक्ष




में श्रीराम चरितमानस पाठ एवं यज्ञ का शुभारंभ समस्त मोहल्लावासी मानस कॉलोनी निकट शास्त्री नगर बिल्थरारोड बलिया प्रांगण में आज गुरुवार प्रातः 7:00 बजे से हुआ पूर्ण आहुति दिनांक 31 मार्च 2023 दिन शुक्रवार प्रातः 9:00 बजे होगा तथा दिन के 12:00 बजे भंडारे का भी कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जी के जन्मउत्सव पर शास्त्री नगर के मोहल्ले में 200 मिट्टी के दीपक जलाने के बाद आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ मिट्टी के दीपक जलाने की महिमा के बारे में पंडित नित्यानंद शुक्ला ने बताया कि मिट्टी के दीपक जाने का महत्व मिट्टी के दीपक जलाने का महत्व केवल दीपक जलाना नहीं अपितु बाहर तथा अंदर के अंधकार को दूर करना मतलब सत्य रूपी दीपक तपस्या यूपी तेल दया और पूर्वी की पत्ती क्षमा रुपी सीखा ज्ञान रूपी दीपक सलाई रूपी अंधकार के अंदर ले जाएंगे तो ज्ञान रूपी प्रकाश अंदर जाकर मोह रूपी अंधकार दूर होकर परमात्मा से मिलन होगा उन्होंने कहा कि सृष्टि के हर रोज और रोम रोम में राम हैं हमारे शरीर से जैसे ही राम निकलते हैं हम मरा हो जाते हैं रामनवमी अपने अंदर के राम को प्रकट करने का संदेश लेकर प्रतिवर्ष आती है। इस अवसर पर कार्यक्रम में मोहन सिंह वर्मा बबलू ग्रीनप्लाई हेमंत शुक्ला जयप्रकाश नारायण गिरी दुर्गेश शर्मा पवन वर्मा नवल परदेसिया मद्धेशिया सत्यम मद्धेशिया अवधेश अजय सभासद सतीश गुप्ता राजेश गुप्ता मेडिकल रुपेश जयसवाल राजाराम गुप्ता संजय गुप्ता नागेंद्र गुप्ता अमित सिंह डॉ संजय वर्मा इत्यादि श्रद्धालु भाग लिए कार्यक्रम के मुख्य पुजारी पंडित नित्यानंद शुक्ला सोनाडीह के द्वारा किया जा रहा है।

# वरिष्ठ पत्रकार रजनीश केसरवानी पुनः केसरवानी वैश्य सभा ( धर्मशाला ) के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** केसरवानी वैश्य सभा (धर्मशाला) के द्विवार्षिक चुनाव में वरिष्ठ पत्रकार रजनीश केसरवानी को दोबारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर चुना गया । केसरवानी वैश्य सभा (धर्मशाला) प्रांगण ठाकुरदीन का हाथा बहादुरगंज में हुए इस चुनाव का संचालन सभा के अध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता प्रमुख मंत्री राजेश गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष गोरखनाथ केसरवानी ने किया । चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ होते ही सर्वप्रथम अध्यक्ष के पद पर रजनीश केसरवानी का नाम प्रस्तावित किया गया अध्यक्ष पद पर अन्य किसी का नाम प्रस्तावित ना होने पर उन्हें सर्वसम्मति से सत्र 2023 - 2024 एवम 2024 - 2025 के लिए अध्यक्ष चुना गया । उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व वो सत्र 2021 - 2022 एवम 2022 - 2023 के सर्वसम्मति से अध्यक्ष



रह चुके हैं । अध्यक्ष के चुनाव के पश्चात बौजनाथ केसरवानी एवं महेश केसरी को उपाध्यक्ष के पद पर चुना गया तथा उप प्रबंधक पद पर निशांत गुप्ता ( निशू ) एवं धर्मेंद्र केसरवानी को चुना गया । धर्मशाला के प्रबंधक के पद पर रवि गुप्ता का चयन सभा के द्वारा पूर्व में ही किया जा चुका है इस चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में सभा के पूर्व अध्यक्ष हरीश चंद गुप्ता (भाई जी), धर्मशाला के पूर्व अध्यक्ष एवम सभा के वरिष्ठतम सदस्य राम जी केसरवानी, धर्मशाला के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, लक्ष्मीकांत केसरवानी सत्यप्रकाश केसरवानी, मिश्रीलाल केसरवानी, अनूप केसरवानी, राकेश केसरवानी एवं ठाकुरदीन केसरवानी ट्रस्ट के मंत्री सुनील कुमार केसरवानी (पप्पू कटरा) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा केशरवानी समाज के तमाम दानदाताओं व प्रतिष्ठित लोगों ने इस चुनाव के दौरान सक्रिय रूप से भागीदारी किया ।

सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा)
- डेटा इंट्री आपरेटर
- फायर सेफ्टी
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग
- इलेक्ट्रीशियन
- सीएनसी प्रोग्रामिगं
- इलेक्टिक मैकैनिक

फिटर
वेल्डर
सीसीए
रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
सिक्योरिटी सर्विस
बेसिक कम्प्युटर
कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# चैत्र श्रीरामनवमी के दिन जनपद के सभी देवी मन्दिरों पर श्रद्धालुओं ने किये दर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** चैत्र नवरात्रि (दिनांक 22 से 30 मार्च 2023 तक) के शुभ अवसर पर अष्टमी से चल रहे दुर्गा सप्तशती/देवी गायन/अखण्ड रामायण पाठ का श्रीरामनवमी पर समापन हुआ। जनपद के देवी मन्दिरों श्री दुर्गन धाम सागीपुर, श्री अम्बिका धाम आमीशंकरपुर सांगीपुर, दुर्गेश्वरी धाम राहाटीकर सांगीपुर,अष्टभुजा धाम जेठवारा लक्ष्मणपुर,माँ काली मन्दिर फूलपुर लक्ष्मणपुर,भद्रकाली धाम बाबागंज, नायर देवी बाबागंज, श्री काली माँ धाम महियामऊ बिहार, माता माईधाम धाम परियांवा कालाकांकर,माँ कामाक्षी देवी धाम कमासिन बिहार,माँ चामुण्डा देवी बिहार, माँ ज्वाला देवी मानिकपुर, खुईलन धाम नेवाड़ी मानधाता, माँ शीतला धाम कटरामेंदनीगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, माँ चण्डिका धाम अन्तू,श्री चन्दीपुर धाम मंगरौरा, माँ बाराही धाम शिवगढ़, दुर्गा मन्दिर सर्वजीतपुर पट्टी एवं दुर्गा मन्दिर बहुता पर पूजा अर्चना कर विधि विधान के साथ समापन एवं कन्या पूजन/हवन-पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस माह अप्रैल 2023 का रोस्टर जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में दिनांक 01 अप्रैल 2023 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में किया जायेगा। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन तहसील कुण्डा एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील पट्टी में किया जायेगा,अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बान्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता आयोजित होगा। इसके अलावा दिनांक 15 अप्रैल 2023 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील कुण्डा, अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में किया जायेगा। अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। इसे आत्मशुद्धि तथा मुक्ति का आधार माना गया है चैत्र नवरात्रि में माँ दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारो ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जनपद के प्रसिद्ध देवी मन्दिरों पर अधिकारी/कर्मचारी, भारी संख्या में महिलायें, बच्चे एवं श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे।

# मानक विपरीत चल रहा बिल्ली रेलवे स्टेशन से सटा खादान मौत के कुँवा से कम नही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला/सोनभद्र।** बिल्ली मारकुंडी विपरीत खनन की भरमार , जहां सरकार मानक के विपरीत खनन कर्ताओ पर शिकंजा कसने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। प्रदेश के भिन्न- भिन्न जगहों पर अवैध खनन व मानक के विपरीत में विपरीत खनन सफीक अहमद की बिल्ली रेलवे स्टेशन से सटे खादान में चलता चला आ रहा है। जांच में खनन सुरक्षा निदेशालय की टीम से खनन बेंच बना कर काटने की बाते सामने आती भी रही है । जहां खाना पूर्ति के लिए बेंच दार खादान के एक सिरे को कर दिया गया वही।मौत के कुवे पर कोई



कार्यवाहियां हो रही हैं । वही सोनभद्र के बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिल्ली रेलवे स्टेशन से सटे खादान में धड़ल्ले से मानक के विपरीत खनन जारी है। मानक के विपरीत खनन में वर्षो से मानक के ध्यान नही। अक्सर देखा जाय तो खनन जांच टीम के नाम पर अधिकारियों के दौरे खनन क्षेत्र में होते रहते है। ऐसी स्थिति में सवाल यह उठता है कि डेंजर खादान कैसे बन गया।

# लघु सिचाई विभाग के ठेकेदार व एमआई की मिलीभगत में मजदूर दाने-दाने को तरसे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला/सोनभद्र।** विकास खण्ड - चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत -कोटा, के टोला गुरमुरा में लघु सिंचाई ठेकेदारों द्वारा मजदूर को काम न देकर पैसा बचाने के चक्कर मे मजदूरी को ही निशाना बना लिया गया। सरकार जहां गरीबों को से घेराव ही कराया गया। सरकार की सोच पर पानी फेर रहे एमआई और ठेकेदार। स्थानीयों ने मजदूरों की मजदूरी पर सवाल उठाते बोले



द्वारा निर्माण के लिए पोकलेन मशीन से खोदे गए कुँवा से जान माल का खतरा। ग्राम पंचायत कोटा के टोला गुरमुरा में लघु सिंचाई विभाग द्वारा कूप निर्माण का कार्य कैलास के घर के वास किया जाना था जिसमे विभाग के काम देने की बात कर रही है वही लूट मची हुई है। आखिरकार मजदूरों के पेट पर लात मार कर मशीनों का प्रयोग कहाँ तक सम्भव है। कुवे की खुदाई इस कद्र की गई कि कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। नाही चारो तरफ कि अब कोई सरकार गरीबो पर ध्यान नही दे रही। कहां जांय हम लोग। इस सम्बंध में एमआई विनोद मौर्या से टेलीफोन के माध्यम से सम्पर्क करना चाहा गया तो श्रीमान ने फोन उठाना मुनासिब नही समझा।

# पाक्सो एक्टः दोषी नरेश गौड़ को 7 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** साढ़े 9 वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालगि लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी नरेश गौड़ को 7 वर्ष की कैद एवं 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बभनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में एक सितंबर 2013 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी अपने ननिहाल में रहकर पढ़ती थी। 23 अगस्त 2013 की रात्रि 10 बजे उसकी बेटी शौच के लिए निकली थी तभी बाहर छुपा बैठा हुआ बभनी थाना क्षेत्र के राजा सरई गांव निवासी नरेश गौड़ पुत्र जीत सिंह गौड़ ने बेटी को पकड़ लिया और उसे खेत में ले जाकर उसके साथ



जबरन दुष्कर्म किया। बेटी को बेहोशी हालत में वहीं छोड़कर भाग गया। बाद में करीब 12 बजे रात्रि में बेटी को बेहोशी हालत में एक महिला ने खेत में से लाकर घर पहुंचाया। बेटी को तत्काल म्योरपुर अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया। दो दिन तक बेटी बेहोश थी। जब होश आया तो बेटी ने वाकए की जानकारी दी। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी नरेश गौड़ को 7 वर्ष की कैद एवं 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# अवैध बालू को लेजाते हुए एक टीपर को प्रशासनिक अधिकारियों ने पकड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी/सोनभद्र।** गुरुवार की दोपहर नगर में चक्रमण कर रही प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने अवैध बालू का परिवहन कर रहे टीपर को पकड़ कर कोतवाली में खड़ा करा दिया ,जिससे खननकर्ताओं में हड़कंप मच गया। रामनवमी के मद्देनजर नगर में सुरक्षा व्यवस्था का हाल लेने के लिए एसडीएम श्याम प्रताप सिंह ,सीओ दद्दन प्रसाद गोंड , तहसीलदार ब्रजेश कुमार वर्मा नगर में चक्रमण कर रहे थे कि तहसील मुख्यालय के तिराहे से एक टीपर बालू लेकर जा रहा था जिसको रोककर प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रपत्रों की जांच की तो उस पर एक दिन पहले कटा परमिट चालक द्वारा अधिकारियों को दिखाया गया जिसे अवैध परिवहन मानते हुए अधिकारियों ने टीपर को कोतवाली पुलिस को सुपुर्द करते हुए सीज के निर्देश दिए ।सीओ दद्दन प्रसाद गोंड ने बताया कि अवैध बालू का परिवहन करते एक टीपर पकड़ा गया है जिसे कोतवाली में खड़ा करवा दिया गया है अग्रिम कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचित कर दिया है।



# श्रीराम जन्मोत्सव उत्सव पर हुआ भव्य भजन संध्या का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** राम नवमी के अवसर पर बृहस्पतिवार की देर शाम सोनभद्र नगर स्थित श्री राम जानकी अविनाश सिंह व अवधेश सिंह ने श्री राम के जन्म उत्सव के अवसर पर सोहर, गीत और सुंदर भजन प्रस्तुत किया। इनके साथ बैंजो पर



संकट मोचन मंदिर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायकों ने प्रभु श्रीराम के एक से बढ़कर एक भजनों, सोहर और गीतों को गाया। इसके पूर्व मंदिर के पुजारी राजकुमार पांडे द्वारा श्री राम की भव्य संध्या आरती की गई। जिसमें कि भक्तजन काफी संख्या में उपस्थित रहे। वही भजन संध्या में वाराणसी से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक भैयालाल पाठक, प्यारेलाल, तबला पर शशिकांत त्रिपाठी ने संगत किया तथा विजय और हलचल ने उद्बोधन किया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भारी संख्या में भक्त उपस्थित रहे और भजन संध्या का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंदिर के व्यवस्थापक डूंगरमल अग्रवाल, गया प्रसाद सिंह, आत्माराम पांडे, शिवा पांडे, देवानंद सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हिण्डालको रेणुसागर में सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन

## सुरक्षा प्रदर्शनी में बायलर विभाग ने मारी बाजी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अनपरा /सोनभद्र।** हिण्डालको, रेनूसागर पावर डिवीजन में सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा माह समापन समारोह की पूर्व संध्या पर स्थानीय प्रेक्षागृह लॉन स्थित सुरक्षा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के अध्यक्ष ऊर्जा के.पी.यादव ने फीता काटकर उदघाटन किया। तत्पष्चात सुरक्षा ग्रीन ट्रैंगल सुरक्षा संदेश सहित गुब्बारे छोड़े। मुख्य अतिथि ने सुरक्षा संबधित अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सुरक्षा माह में हमारे सहकर्मियों की भागीदारी सराहनीय रही। इस दौरान विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने पूरे मनोयोग से सुरक्षा से संबधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सुरक्षा के प्रति अपनी दृढ़ता दिखाई। मुख्य अतिथि अपनी पूरी टीम के साथ प्रेक्षागृह लॉन में आयोजित सुरक्षा प्रदर्शनी में



विद्यालय के बच्चों के आलावा विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए माडलों, का क्रमश अवलोकन किया तथा जानकारी प्राप्त की। तत्पष्चात सुरक्षा प्रदर्शनी का निर्णायक मंडल द्वारा मूल्यांकन किया गया जिसमें क्रमश : प्रथम बायलर मैंटीनैंस विभाग, द्वितीय संयुक्त रूप से टरबाइन मैंटीनैंस व सिविल विभाग तथा इलेक्ट्रिकल एन्ड इंस्ट्रूमेंट विभाग तीसरे स्थान पर रहा। कार्यक्रम का संचालन व समापन हेड सुरक्षा अरविन्द सिंह ने किया। आयोजन में मुख्य रुप से संजय सिंह , शैलेश विक्रम सिंह, सुदिप्ता नायक, मनु अरोरा, संजय श्रीमाली, मनोरंजन सिंह,सुबोध दवे,कर्नल जयदीप मिश्रा , ललित खुराना आर सी पांडेय , संदीप यावले मनीष सिंह समीर आनंद, कैप्टन रोहित देव अभिनीत सिंह आदि वरिष्ठ अधिकारियो के अलावा मान्यताप्राप्त श्रमिक संगठनो के पदाधिकारी सहित तमाम श्रमिक गण मौजूद थे।मुख्य अतिथि के पी यादव द्वारा फीता काटकर उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि द्वारा सुरक्षा सुरक्षा संदेश सहित गुब्बारे छोड़ते हुए।मुख्य अतिथि व टीम द्वारा सुरक्षा मॉडल का अवलोकन करते हुए। रक्षा प्रदर्शनी में बॉयलर मेंटेनेंस विभाग की टीम प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जिसमें मनोरंजन सिंह,, पवन ,रामकुमार ,एसएन पटेल अनिरुद्ध ,बसेल, रामप्रकाश आदि लोगों का प्रमुख योगदान रहा।

# एक बार फिर घोरावल क्षेत्र मे हुई बडी घटना गला रेत कर युवक की हत्या, नदी में मिला शव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** दो दिन पहले से लापता था मृतक युवक शव मिलने के बाद ग्रामीणों का फूटा गुस्सा ग्रामीणों ने सड़क को किया जाम पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर, पोस्टमार्टम के लिए कब्जे में लिया शव ग्रामीणों को समझाने में जुटी पुलिस घोरावल थाना क्षेत्र के खरुआव ब्लाक के समीप बेलन नदी की घटना बीते दिनों होली के दौरान भी 9 वर्षीय बच्चे की अगवाह कर हुई थी निर्मम हत्या के बाद हुई दूसरी हत्या।




# सेंचुरियन जॉन में खनन को लेकर जीव जंतु में त्राहि त्राहि

## नदी की बीच धारा में पोकलेन से खनन कर नदी का बिगाड़ रहे स्वरूप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी/सोनभद्र।** एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण ड्रीम प्रोजेक्ट कनहर सिचाईं परियोजना मूर्त रूप की ओर है वही पिपराडीह व आस पास प्रतिबंधित नदी में पोकलेन चलाकर रात दिन अवैध उत्खनन के कारण सिंचुरियन जॉन में रहने वाले जीव जंतु पशु पक्षी में हाहाकार मचा है नदी में आच्छादित बालू का काश्त का पट्टा सीमांकन से हटकर बालू वनभूमि से खुलेआम उठायी गयी है जिसके साक्ष्य मौके पर मौजूद है कतिपय दलाल किस्म के कलमकार शासन प्रशासन का सिंडिकेट खनन माफियाओं से मिलकर नियम कायदे कानून को ताख पर रखकर प्रतिबंधित पोकलेन से नदी की बीच धारा में घुसकर बालू का खुलेआम दिन दहाड़े उत्खनन कर रहे है । मौके पर मीडिया के पड़ताल में सीमांकन क्षेत्र से पूर्व प्रतिबंधित स्थल की देर रात्रि में बालू खनन के निशान मौके पर खुलेआम देखे जा सकते है कहने को तो कागज पर सब ठीक ठाक है मगर वास्तविकता कुछ और है खनन विभाग जबकि मुख्यमंत्री के पास है इसके बाद भी खनन माफियाओं का हौसला बुलन्द है जिसमे कई सफेदपोश भी शामिल है और सरकार के सरेआम छवि खराब करने पर आमादा है इतना ही नही अगर 1 ट्रेक्टर बालू कोई व्यक्ति अपने मकान, या शौचालय या अपने कार्य मे लेजाता है तो जंगल विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, खनन विभाग भारी भरकम जुर्माना लगाने में कोई संकोच नही करते । पता नही किस प्रभाव से इतने बड़े स्तर पर हो रहे अवैध उत्खनन पर किसी विभाग का ध्यान नही जा रहा है ।अवैध बालू कार्यो में लिप्त डंफरो व टिपरो पर नम्बर प्लेट भी नही लगा है जिससे अवैध कार्य करने वालो की मनसूबे बढ़े हुए है । समाज के सजक प्रहरी कलमकार निजी वाहन चलाकर अपना उल्लू सीधा करते हुए अपरोक्ष रूप से अपने कार्यो को अंजाम देने में लगे हुए है ।



# श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा में लगभग 5 लाख लोगों ने भाग लिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।** रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा जनपद मीरजापुर के भिन्न-भिन्न स्थानों से निकाली गई श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा में लगभग 5 लाख लोगों ने भाग लिया । श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए सांसद व फिल्म जगत के जाने-माने कलाकार मनोज तिवारी ने भाग लेते हुए राम भक्तों के साथ श्री राम के जयकारे भी लगाए । मनोज तिवारी ने कहा कि एक समय ऐसा था कि लोग घरों से शोभायात्रा में शामिल होने के लिए कम निकलते थे लेकिन आज इस समय शोभायात्रा में हर घर से 1 से 2 लोग श्री राम के भव्य शोभायात्रा में निकल रहे हैं । उन्होंने कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि मैं इस श्री राम जन्म उत्सव शोभायात्रा के साथ साथ मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ । जब शोभायात्रा निकाली गई उस समय का दृश्य कुछ अद्भुत दिखा जनपद मीरजापुर में जिस गली चौराहे पर निकले वहां राम भक्तों का जमावड़ा दिखा साथ ही साथ पूरा नगर डी.जे. की आवाजों के साथ श्रीराम के जयकारों से गूंज रहा था श्री राम जन्म उत्सव यात्रा के दौरान आयोजकों द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार की झांकियां भी निकाली गई संग हाल पर आए फिल्म जगत के मशहूर अभिनेता व सांसद मनोज तिवारी ने लोगों को पचरा गीत व दर्शकों की मां पर कुछ गाने भी सुनाए । साथ ही साथ उन्होंने बताया कि जब वह गंगा पुल पर पहुंचे और वहां से श्री राम भक्तों का जमावड़ा देख उनका मन प्रफुल्लित होता है जगह-जगह द्वारा राहगीरों को खाने पीने की सामग्री भी वितरित करते देखा गया जहां भक्त रुककर अपनी भूख व प्यास बुझाते देखे गए ।



# जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया




**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।** मिर्जापुर आज जिला न्यायाधीश 'अनमोल पाल', जिलाधिकारी मिर्जापुर 'दिव्या मित्तल' व पुलिस अधीक्षक 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला कारागार के बैरक, भोजनालय, जिला जेल परिसर और अस्पताल का अवलोकन करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। अवलोकन के दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु/बात प्रकाश में नहीं आया । अवलोकन के दौरान ऊपरी जिलाधिकारी, जिला कारागार अधिकारी अधिकारी ,कर्मचारी गण मौजूद रहें।

# बालिकाओं ने दुर्गावाहिनी स्कूटी जुलुस निकाल कर किया शक्ति शौर्य का प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुद्धी/ सोनभद्र।** रामनवमी के दिन गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद-दुर्गावाहिनी बालिकाओं का स्कूटी जुलुस शक्ति रूप में शाम साढ़े पांच बजे टाउन क्लब दुद्धी मैदान से निकाला गया।जो पूरे क़स्बे में शक्ति शौर्य का प्रदर्शन करते हुए भ्रमण किया । दुर्गा वाहिनी जुलुस का सुरक्षा घेरा में विश्व हिन्दू परिषद दुद्धी के नगर प्रखंड अध्यक्ष संदीप गुप्ता , नगर अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव , जिला मंत्री आलोक जायसवाल , संरक्षक चेतन श्रीवास्तव गौ रक्षा प्रमुख अलोक जायसवाल ,संरक्षक सचिन अग्रहरि, प्रखंड संयोजक सोनू जायसवाल , भोलू जायसवाल ,राकेश अग्रहरि,मनीष जायसवाल ,अजित जायसवाल तथा लक्की शर्मा , अमृत लाल ,विकास जौहरी,विकास मदेशिया ने सुरक्षा करते हुए शोभायत्रा के साथ साथ चले।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी भी साथ मौजूद रहे। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद द्वारा दो जगहों पर पुरे जुलुस पर पुष्प वर्षा किया गया।इसी दरमियान युवाशक्ति की बाइक जुलुस भी बजरंगी पताका लेकर युवाओं ने जुलूस निकाली और शौर्य का परिचय दिया ।अखाड़े व जुलूस में आये लोगों के लिए युवा शक्ति फाउंडेशन द्वारा खीर की व्यवस्था व ठंडा पानी की व्यवस्था की गयी थी जिसका रामसेवकों जमकर लुफ्त उठाया।



# आज से शुरू होगा फटाफट क्रिकेट का रोमांच, टूर्नामेंट की खास बातें जानें यहां

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश की सबसे लोकप्रिय टी-20 क्रिकेट लीग आइपीएल के 16वें संस्करण की शुरुआत शुक्रवार से होगी। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में गत चैंपियन और धर्मशाला भी करेंगे। लगेगा ग्लैमर का तड़का उद्घाटन मैच से पहले आइपीएल के उद्घाटन समारोह में बालीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया, रश्मिका मंधाना और गायक अरिजीत सिंह प्रस्तुति देंगे। इस बार ये होगा खास इंपैक्ट प्लेयर टीम में शामिल किसी खिलाड़ी की जगह बल्लेबाजी या गेंदबाजी कर सकेगा टॉस के बाद भी कप्तान अंतिम एकदाश में बदलाव कर सकेंगे। वाइड और नो बाल के लिए



गुजरात टाइटंस और चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच लीग का पहला मैच खेला जाएगा। करीब दो महीने तक क्रिकेट प्रेमियों को फटाफट क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा चुनिंदा स्थानों पर ही मुकाबले खेले गए थे। लेकिन इस बार सभी टीमों के घरेलू मैदान के अलावा अन्य स्थलों पर भी मैच होंगे। इस बार मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, जयपुर, बेंगलुरु, चेन्नई, लखनऊ, अहमदाबाद और मोहाली के अलावा कुछ मैचों की मेजबानी गुवाहाटी 2018 के बाद यह पहला मौका होगा, जब आइपीएल का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले के कारण इसे रद कर दिया गया था, जबकि बीते तीन साल कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण इसका आयोजन नहीं हो सका था।इस बार चोट के कारण ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, श्रेयस अय्यर, झाय रिचर्डसन, काइल जैमिसन, जानी बेयरस्टो, विल जैक्स और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे खिलाड़ी आइपीएल में नहीं खेलेंगे। कप्तान ले सकेंगे डीआरएस। बल्लेबाज के गेंद खेलने से पहले क्षेत्ररक्षक की स्थिति में बदलाव पर मिलेंगे पांच पेनाल्टी रन। धीमी गति से ओवर करने पर टीमें 30 गज के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षक रख सकेंगी। नंबर गेम 31 मार्च से 28 मई तक खेला जाएगा टूर्नामेंट 74 कुल मुकाबले खेले जांएगे 59 दिन में 18 डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे इस बार 1000 वां मैच होगा आइपीएल का मुंबई और चेन्नई के बीच छह मई को 12 स्थानों पर खेले जाएंगे आइपीएल के मुकाबले।

# रोहित या सूर्या नहीं, बल्कि ये 5 खिलाड़ी जीत सकते है इस सीजन एमवीपी का अवॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल एक ऐसा मंच जहां युवा खिलाड़ियों को अपनी पहचान बनाने का एक सुनहेरा अवसर मिलता है। हर सीजन इस नाम करेंगे। आइए जानते हैं उन 5 प्लेयर्स के बारें में लिस्ट में पहले नंबर पर है रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व कप्तान विराट कोहली का नाम, जिनका बल्ला भले ही पिछले 487 रन बनाए और 8 विकेट चटकाए।लिस्ट में तीसरे नंबर पर है राजस्थान रॉयल्स टीम के धाकड़ बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, जिन्होंने पिछले सीजन 17 मैच





लीग का रोमांच कम नहीं, बल्कि बढ़ता ही चला जाता है। साल 2008 से शुरू हुई इस लीग में साल 2021 तक सिर्फ 8 टीमें आपस में भिड़ती हुई नजर आती थी, लेकिन पिछले सीजन 2 नई टीमों ने इस लीग में रोमांच का तड़का लगाया और अपने डेब्यू सीजन में ही गुजरात टाइटंस ने चमचमकाती ट्रॉफी अपने नाम की वहीं, आईपीएल के 16वें सीजन के आगाज में अब सिर्फ 1 दिन का समय बाकी रहता है। ऐसे में इस सीजन ऐसे कई खिलाड़ी देखने को मिलने वाले है, जो मोस्ट वेल्यूएबल प्लयेर का अवार्ड अपने सीजन कुछ खास कमाल न कर पाया हो, लेकिन इस लीग में वह काफी शानदार फॉर्म में नजर आ चुके है पिछले सीजन 14 मैचों में कोहली ने 23.77 की औसत से 309 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल रहे। 2. हार्दिक पांड्या लिस्ट में दूसरे नंबर पर है पिछले सीजन की विजेता टीम गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या का नाम, जो अपनी टीम की तरफ से टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने पिछले सीजन पहली बार आईपीएल में कप्तान बनते ही टीम को चैंपियन बनाया और बैट-बल्ले से कमाल किया। हार्दिक ने कुल खेलते हुए 57 की औसत से 863 रन बनाए। बटलर ने कुछ 4 शतक और 4 ही अर्धशतक जड़े और कुल 45 छक्के, 83 चौकों की बौछार लगाई। 4. डेविड वॉर्नर लिस्ट में चौथे नंबर पर है डेविड वॉर्नर का नाम, जो पिछले सीजन शानदार बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल इतिहास में 5500 रन बनाने वाले पहले ओवरसीज प्लेयर बने। ऐसे में इस सीजन भी वॉर्नर से एक शानदार प्रदर्शन की उम्मीदें है।पिछले सीजन नई नवेली टीम लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करते हुए केएल राहुल ने 51.33 की औसत से 15 मैच खेलते हुए 616 रन बनाए थे।

# चेन्नई सुपरकिंग्स के मुकेश चौधरी विकल्प की घोषणा की, युवा खिलाड़ी धमाका करने को बेकरार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने गुरुवार को चोटिल मुकेश चौधरी के विकल्प की घोषणा कर दी है। सीएसके ने अकाश सिंह को अपने स्क्वाड में शामिल किया है। चार बार की चैंपियन सीएसके ने घोषणा हिस्सा थे। बता दें कि मुकेश चौधरी आईपीएल 2023 से बाहर होने वाले चेन्नई सुपरकिंग्स के दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमिसन भी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। सीएसके ने दक्षिण अफ्रीका के



की है कि चौधरी स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरने में जुटे हैं और इसलिए वो आईपीएल के 16वें सीजन से बाहर हो गए हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स ने आधिकारिक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया, 'अकाश सिंह ने चोटिल मुकेश चौधरी की जगह ली है। अकाश सिंह भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा थे, जो 2020 अंडर-19 वर्ल्ड कप में रनर्स-अप रही थी। अकाश सिंह ने टूर्नामेंट में 6 मैचों में 22 की औसत से 7 विकेट लिए थे।20 साल के अकाश सिंह ने अब तक 9 टी20 मैच खेले हैं और सात विकेट लिए। उन्होंने इसके अलावा 9 लिस्ट ए मैच और 5 फर्स्ट क्लास मैच खेले। अकाश सिंह आईपीएल 2021 में राजस्थान रॉयल्स का ऑलराउंडर सिसांडा मगाला को जैमिसन के विकल्प के रूप में शामिल किया था। याद दिला दें कि चेन्नई सुपरकिंग्स का पिछले सीजन में प्रदर्शन खराब रहा था, लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी ने अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया था। 26 साल के मुकेश चौधरी ने 13 मैचों में 16 विकेट लिए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 46 रन देकर चार विकेट लेना था। एमएस धोनी के नेतृत्व वाली चेन्नई सुपरकिंग्स को शुक्रवार को अपना पहला मुकाबला गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलना है।

# धोनी के घुटने में लगी चोट, आईपीएल 2023 के पहले मैच में खेलेंगे या नहीं सीएसके के सीईओ ने दी बड़ी अपडेट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपरकिंग्स को शुक्रवार को आईपीएल 2023 में अपना पहला मुकाबला गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलना है। सीएसके की मुसीबतें बढ़ गई हैं क्योंकि क्प्तान एमएस धोनी के बाएं घुटने में चोट लगी है। एमएस धोनी के पहले मैच में खेलने पर सस्पेंस बन गया है, लेकिन टीम के सीईओ ने बड़ी अपडेट देकर फैंस को राहत पहुंचाई है। एमएस धोनी को चेन्नई में अभ्यास सत्र के दौरान बाएं घुटने में दर्द महसूस हुआ, जिसकी वजह से उन्होंने गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीएसके की ट्रेनिंग में हिस्सा नहीं लिया चेन्नई सुपरकिंग्स के सीईओ काशी विश्नाथन ने पीटीआई से बातचीत में कहा, 'जहां तक मेरी जानकारी है तो एमएस धोनी 100 प्रतिशत खेल रहे हैं। मुझे कोई और जानकारी नहीं है। अगर धोनी नहीं खेलते



हैं तो सीएसके की टीम विकेटकीपर की जिम्मेदारी डेवोन कॉनवे या फिर अंबाती रायुडू में से किसी को सौंप सकती है क्योंकि फ्रेंचाइजी के पास धोनी के स्तर का विकेटकीपर नहीं है।' एमएस धोनी आमतौर पर प्री-सीजन ट्रेनिंग में कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन प्रमुख टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ऊर्जा बचाने के लिए वो ज्यादा ट्रेनिंग नहीं करते हैं। धोनी की उम्र में दर्द को ठीक होने में समय लगता है और अगर यह बढ़ा तो गंभीर रूप ले सकता है। उनकी चोट को ठीक होने में ज्यादा समय लग सकता है आईपीएल 2023 के दौरान खिलाड़ियों को काफी यात्रा करनी है तो संभावना है कि धोनी खेलने का जोखिम नहीं उठाएंगे ताकि टूर्नामेंट में बाद के समय में उपलब्ध रह सके। हालांकि, धोनी की आदत नहीं रही है कि वो मैच नहीं खेले। वो पीठ दर्द सहित कई दर्द झेलने के बावजूद खेलते रहे हैं।

# आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले पांच गेंदबाज, तीन भारतीय स्पिनर्स का है जलवा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग में अगर बल्लेबाजों का जलवा रहता है, तो गेंदबाज भी महफिल लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। अपनी गेंदबाजी के दम पर सीएसके को कई मैचों में यादगार जीत भी दिला चुके हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने के मामले में ड्वेन ब्रावो का नाम सबसे ऊपर पर मौजूद है। मलिंगा ने इस लीग में खेले 122 मैचों में कुल 170 विकेट अपने नाम किए। श्रीलंकाई तेज गेंदबाज का इकॉनमी भी आईपीएल में बेहद शानदार रहा और उन्होंने को पिछले सीजन फाइनल तक पहुंचने में अहम किरदार निभाने वाले युजवेंद्र चहल आईपीएल में सर्वाधिक विकेट चटकाने के मामले में चौथे नंबर पर काबिज हैं। चहल दुनिया की सबसे





आईपीएल के इतिहास में कई ऐसे मुकाबले रहे हैं, जहां बॉलर्स ने चंद गेंदों में मैच का रुख पलटकर दिखाया है। इस पोस्ट में हम आपको बताएंगे उन पांच गेंदबाजों के नाम, जिन्होंने इस लीग में बल्लेबाजों का जीना हराम किया ह आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने के मामले में ड्वेन ब्रावो का नाम सबसे ऊपर है। चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार गेंदबाज ने आईपीएल में खेले कुल 161 मैचों में 183 विकेट अपने नाम किए हैं। ब्रावो का इकॉनमी आईपीएल में 8.38 रहा है। ब्रावो है। चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार गेंदबाज ने आईपीएल में खेले कुल 161 मैचों में 183 विकेट अपने नाम किए हैं। ब्रावो का इकॉनमी आईपीएल में 8.38 रहा है। ब्रावो अपनी गेंदबाजी के दम पर सीएसके को कई मैचों में यादगार जीत भी दिला चुके हैं। यॉर्कर किंग के नाम से मशहूर लसिथ मलिंगा भले ही अब आईपीएल में अपनी गेंदबाजी से जलवा बिखेरते हुए नजर ना आते हों, लेकिन इस लीग में सर्वाधिक विकेट लेने वालों की लिस्ट में अभी भी उनका नाम दूसरे नंबर 7.14 की इकॉनमी से रन खर्च किए। इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने के मामले में अमित मिश्रा तीसरे नंबर पर काबिज हैं। भारतीय स्पिनर ने इस लीग में अबतक खेले 154 मैचों में कुल 166 विकेट अपने नाम किए हैं। अनुभवी गेंदबाज अपनी घूमती गेंदों के दम पर कई मैचों को इस लीग में पलट चुका है। 166 विकेट चटकाने के साथ-साथ अमित आईपीएल में बेहद किफायती भी रहे हैं और उन्होंने 7.36 की इकॉनमी से रन खर्च किए हैं राजस्थान रॉयल्स मशहूर माने जाने वाली टी-20 लीग में अबतक खेले 131 मैचों में कुल 166 विकेट चटकाए हैं। इसके साथ ही उनका इकॉनमी भी 7.61 का रहा है। आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने के मामले में तीसरे स्पिनर के तौर पर पीयूष चावला का नाम दर्ज है। पीयूष इस लीग में खेले 165 मैचों में 157 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। पीयूष की गिनती इस लीग के सबसे अनुभवी स्पिनर्स में की जाती है और वह अपनी धुन पर बल्लेबाजों को नाच नाचना बखूबी जानते हैं।



# राशिफल



**मेष-**:तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-**:जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-**:क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-**:आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-**:आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-**:प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-**: जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-**:छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-**:इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-**:लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-**:भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-**:आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।






# गुजरात-चेन्नई मैच का लाइव प्रसारण व स्ट्रीमिंग कब, कहां और कैसे देखें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** गत चैंपियन गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच शुक्रवार को मुकाबले के साथ आईपीएल 2023 का आगाज होगा। आईपीएल के 16वें सीजन का उद्घाटन मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। गुजरात ने पिछले साल टूर्नामेंट में धमाकेदार एंट्री करके खिताब जीता। वहीं सीएसके की टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था और वो अंक तालिका में 9वें स्थान पर रही थी। हार्दिक पांड्या गुजरात टाइटंस की कप्तानी करेंगे जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स की कमान एमएस धोनी के हाथों में होगी। हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली गुजरात टाइटंस ने पिछले साल चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ दो मैच खेले और दोनों में जीत दर्ज की। अब धोनी के नेतृत्व वाली सीएसके की टीम नए जोश के साथ जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान संभालेगी। यह टूर्नामेंट का पहला मुकाबला है तो फैंस को टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच पहला मैच 31 मार्च यानी



उम्मीद है कि मैच रोमांच से भरपूर होगा। चलिए जानते हैं कि गुजरात टाइटंस बनाम चेन्नई सुपरकिंग्स मैच का लाइव प्रसारण और स्ट्रीमिंग आप कब, कहां और कैसे देख सकते हैं। आईपीएल 2023 में गुजरात शुक्रवार को खेला जाएगा। गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच आईपीएल 2023 का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच आईपीएल 2023 का पहला मैच कितने बजे शुरू होगा गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच आईपीएल 2023 का पहला मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। टॉस आधे घंटे पहले होगा। गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच आईपीएल 2023 के पहले मैच का लाइव प्रसारण किस चैनल पर होगा गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग?स के बीच आईपीएल 2023 के पहले मैच का लाइव प्रसारण भारत में स्टार स्पोट्र्स नेटवर्क पर होगा।गुजरात टाइटंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच आईपीएल 2023 के पहले मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा ऐप पर देख सकते हैं। मैच से संबंधित महत्वपूर्ण कवरेज आप जागरण डॉट कॉम पर हासिल कर सकते हैं।

## सम्पादकीय

# मिट जाना ही जिनकी नियति है, पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ बर्बरता के किस्से नए नहीं


बीते सप्ताह भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची को यह कहना पड़ा कि पाकिस्तान को अपने यहां के अल्पसंख्यकों के प्रति जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने यह बात पाकिस्तान के सिंध प्रांत के संघार जिले की हिंदू विधवा दया भील की बर्बर तरीके से हुई हत्या के सिलसिले में कही। दया भील का सिर तन से जुदा करने के साथ उनके शव को बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया गया था। उनके साथ दुष्कर्म करने के बाद उनकी खाल तक उतार ली गई थी। पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ ऐसा बर्बर व्यवहार नई बात नहीं। वहां आए दिन हिंदुओं पर इसी तरह कहर बरपाया जाता है। इस तरह की घटनाओं का पाकिस्तान का राष्ट्रीय मीडिया मुश्किल से ही संज्ञान लेता है। वह तब भी मौन धारण किए रहता है, जब पीड़ित-प्रताड़ित हिंदू धरना-प्रदर्शन करते हैं। अधिकतर मामलों में हिंदुओं के उत्पीड़न, अपहरण, हत्या की खबरें स्थानीय स्तर पर प्रचारित-प्रसारित होकर रह जाती हैं। पाकिस्तान में हर दिन किसी न किसी हिंदू या ईसाई लड़की का अपहरण कर उसका किसी मुस्लिम से जबरन निकाह कराया जाता है, यह झूठ प्रचारित करके कि उसने स्वेच्छा से इस्लाम स्वीकार कर लिया। अंतरराष्ट्रीय मीडिया माध्यमों के अनुसार पाकिस्तान में प्रति वर्ष अल्पसंख्यक समुदायों की करीब एक हजार लड़कियों का अपहरण और जबरन निकाह कराया जाता है। अधिकतर शिकार हिंदू लड़कियां बनती हैं और अधिकांश मामलों में निकाह उन्हीं से होता है, जो इन लड़कियों का अपरहण करते हैं। अपहरण करने वालों का साथ मुल्ला मौलवी, पुलिस और न्यायाधीश यानी पूरा तंत्र देता है। ऐसे ही एक कुख्यात मौलवी मियां मिट्ठू को हाल में ब्रिटेन की सरकार ने प्रतिबंधित किया है। मियां मिट्ठू अब तक सैकड़ों हिंदू लड़कियों को कथित तौर पर उनकी मर्जी से इस्लाम में दाखिल करा चुका है। वह कई दलों से जुड़ा रहा है। पाकिस्तान के इने-गिने मानवाधिकार कार्यकर्ता, पत्रकार या फिर यू ट्यूब पर सक्रिय एक्स मुस्लिम उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते रहे हैं, लेकिन ऐसा कुछ होने के बजाय उसे राजनीतिक दलों का संरक्षण ही मिलता रहा है। इसी कारण ब्रिटेन ने उस पर पाबंदी लगाई है, लेकिन इसके प्रति सुनिश्चित हुआ जा सकता है कि, इससे उसकी या पाकिस्तान की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला। पाकिस्तान में 95 प्रतिशत मुस्लिम हैं और शेष पांच प्रतिशत अन्य समुदाय। इनमें सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय हिंदू है, लेकिन कुल जनसंख्या में उसकी भागीदारी लगभग डेढ़ प्रतिशत बची है। मुस्लिम बाहुल्य पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को छल-बल से अपने दीन यानी इस्लाम में लाने की ऐसी सनक सवार है कि उनकी लड़कियों का उनके बालिग होने के पहले ही अपरहण कर लिया जाता है। लड़की चाहे 13 साल की हो या 14 की, थाने और अदालतें उसे 18 साल की ही साबित करक दम लेती हैं। पाकिस्तान में हिंदू लड़कियों की स्थिति कुछ वैसी ही है, जैसी एक समय इस्लामिक स्टेट के इलाके में यजीदी महिलाओं की थी। विभाजन के समय पश्चिमी पाक यानी आज के पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी करीब 14 प्रतिशत थी। जिस दर से उनकी आबादी घटी है, उससे यह तय है कि अगले कुछ दशकों में वहां अंगुलियों पर गिने जाने लायक हिंदू ही बचेंगे-ठीक वैसे ही जैसे अफगानिस्तान में बचे हैं। इसका बड़ा कारण अल्पसंख्यकों और खासकर हिंदुओं के प्रति पाकिस्तान के शासन और समाज में व्याप्त घृणा है। यह इस हद तक है कि स्कूली किताबों में उन्हें हीन और नापाक बताया जाता रहा है। इसी कारण अल्पसंख्यकों को उत्पीड़न से बचाने वाले प्रस्तावित विधेयक कानून का रूप नहीं ले पा रहे पाकिस्तान में अल्पसंख्यक न केवल तिरस्कार के चलते हाशिये पर हैं, बल्कि वे कानूनी रूप से भी दोयम दर्जे के नागरिक हैं। वहां जब सफाई कर्मियों की भर्ती निकलती है तो यह साफ लिखा होता है कि केवल हिंदू और ईसाई ही आवेदन कर सकते हैं। पाकिस्तान ने अल्पसंख्यकों के दमन के लिए तमाम तरीके अपना रखे हैं। इनमें सबसे खतरनाक है ईशनिंदा कानून। किसी पर हमला करने, पीट-पीटकर मार डालने या जेल भेज देने के लिए यह अफवाह पर्याप्त होती है कि उसने ईशनिंदा की है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित था सावित्रीबाई का जीवन

03 जनवरी को देश की पहली महिला शिक्षक और समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई जा रही है। 3 जनवरी 1831 को सावित्रीबाई फुले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। इनके पिता का नाम खन्दोजी नैवेसे तथा माता का नाम लक्ष्मी था। ज्यादा समय वह अपने पिता के घर में नहीं रहीं। परिजनों ने सावित्रीबाई फुले की शादी महज 09 साल की उम्र में कर दी थी। जब सावित्रीबाई की शादी हुई थी, उस समय वह पढ़ना-लिखना नहीं जानती थी। उनके पति ज्योतिराव फुले सावित्रीबाई से 04 वर्ष बड़े थे। ज्योतिराव फुले चाहते थे कि उनकी पत्नी भी पढ़े-लिखे, इसलिए उन्होंने सावित्रीबाई का पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ाया। ज्योतिराव फुले भी शादी के दौरान कक्षा तीन के छात्र थे, लेकिन तमाम सामाजिक बुराइयों की परवाह किए बिना सावित्रीबाई की पढ़ाई में पूरी मदद की। जिन दिनों वह लोगों के मिथक को तोड़ने के लिए जूझ रही थी, लोग उसे कोरी कल्पना ही समझ रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे साबित हो गया कि सावित्रीबाई फुले ने जीया तो औरों के लिए। सावित्रीबाई फुले जिस मिशन को लेकर निकलीं थीं, आज हमारी केंद्र सरकार उसे आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन उस धारा में काम कर रहा है, जिसकी सदैव प्रशंसा होती रहेगी। सावित्रीबाई फुले ने पति के कहने पर पढ़ाई का मन बनाया और स्कूल जाने लगीं। यह उनके लिए बड़ा कठिन दौर था। जब वह स्कूल जाती थीं, लोग उन पर अभद्र टिप्पणी करते तथा कीचड़ फेंकते थे। सावित्रीबाई को स्कूल जाते समय चोटें भी आईं। कुछ लोग नहीं चाहते थे कि वह पढ़ाई करें, इसलिए सावित्रीबाई के स्कूल जाते समय उन पर कंकड़-पत्थर फेंकते थे

# रामनवमी के जुलूस के दौरान कई राज्यों में हिंसक झड़प, 22 लोग घायल; 54 गिरफ्तार

गुरुवार को रामनवमी की जुलूस के दौरान कुछ राज्यों में हिंसा और झड़प की घटनाएं देखने को मिली, जिसमें 22 लोग घायल हो गए और 54 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन राज्यों में पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और गुजरात शामिल हैं। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में भीड़ ने एक मंदिर पर पत्थर और पेट्रोल से भरी बोतलें फेंकी, जिससे हिंसा भड़क गई और 10 पुलिसकर्मियों समेत 12 लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है। इसके अलावा, गुजरात के वड़ोदरा और पश्चिम बंगाल के हावड़ा से भी पथराव की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आईं। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में रामनवमी के जुलूस को लेकर तनाव देखने को मिला। हालांकि, पुलिस ने भारी सुरक्षा के बीच रैली की अनुमति दी। अन्य जगहों पर रामनवमी बिना किसी बड़े संघर्ष के शांतिपूर्वक संपन्न हुई। संभाजीनगर में दो समूहों के बीच झड़प मिली जानकारी के मुताबिक, संभाजीनगर के किरादपुर इलाके में राम मंदिर के पास गुरुवार तड़के पांच-पांच लोगों के दो समूह आपस में भिड़ गए। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद एक गुट वहां से चला गया। एक घंटे के बाद वहां भीड़ इकट्ठा हो गई और पुलिसकर्मियों पर पत्थर-पेट्रोल से भरी बोतलें फेंकनी शुरू कर दी। इससे इलाके की स्ट्रीट लाइटें भी खराब हो गईं, जिससे अंधेरा छा गया। इस दौरान 10 पुलिसकर्मी और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के 13 वाहनों को भी जला दिया गया। मामले में करीब 400-500 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मलाड के मालवानी इलाके में 'राम नवमी' शोभा यात्रा के दौरान गुरुवार को दो समूहों के बीच हुई हाथापाई के बाद 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण थी, लेकिन अब नियंत्रण में है। इलाके







में माहौल खराब करने के आरोप में 300 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण- फडणवीस महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, जिनके पास गृह विभाग भी है, ने इस घटना को 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' बताया। उन्होंने कहा कि सभी को शांति बनाए रखनी चाहिए। अगर कोई इस घटना को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और अखिल भारतीय मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पर हिंसा फैलाने का आरोप लगाया और आरोप लगाया कि इसका उद्देश्य महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की आगामी रैली को परेशान करना था। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अजीत पवार ने कहा, "क्या यह दो समुदायों के बीच नफरत पैदा करने का प्रयास है? पुलिस को पूछताछ करनी चाहिए और मास्टरमाइंड का पता लगाना चाहिए। पुलिस को बिना किसी राजनीतिक दबाव के काम करना चाहिए।" पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के काजीपाड़ा इलाके में रामनवमी के जुलूस के दौरान मुस्लिम बहुत बस्ती में छतों से पथराव किया गया, जिसके बाद हिंसा शुरू हो गई। इस दौरान उपद्रवियों ने कई वाहनों में आग लगा दी, जबकि कई दुकानों में तोड़फोड़ की। बदमाशों ने ईंट-पत्थर से हमला कर दो पुलिसकर्मियों समेत करीब दस लोगों को घायल कर दिया। मामले में रात करीब 10 बजे तक 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी चल रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। शोभायात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने किया था। गुजरात के वडोदरा शहर में फतेहपुरा और कुंभरवाड़ा इलाकों में रामनवमी के जुलूस पर पत्थर फेंके गए। यह घटना उस समय हुई, जब जुलूस एक मस्जिद के पास पहुंचा और लोग मौके पर जमा होने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर किया, जिससे जुलूस अपने मार्ग पर आगे बढ़ा। शहर में ऐसे सभी जुलूसों को पहले से ही पुलिस सुरक्षा दी गई थी। पुलिस ने कहा कि दोनों घटनाओं में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। कुंभरवाड़ा में एक जुलूस पर पथराव किया गया। शहर के पुलिस आयुक्त शमशेर सिंह ने कुंभरवाड़ा का दौरा किया और कहा कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुंभरवाड़ा में पथराव की दूसरी घटना इलाके में झड़पों की अफवाह फैलने के बाद हुई। दोनों घटनाओं में 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। आगे की जांच जारी है। अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। हैदराबाद में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की एक तस्वीर दिखाई गई। शोभायात्रा का नेतृत्व भाजपा के निलंबित विधायक टी. राजा सिंह कर रहे थे। यात्रा में सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया, जो सीतारामबाग के एक मंदिर से शुरू हुई और गोशामहल में विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। बिहार के आरा जिले में शीश महल चौक एवं घंटाघर के बीच शोभायात्रा के दौरान सात-आठ युवक साथ चल रहे स्थानीय सांसद सह केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के विरोध में अचानक नारे लगाने लगे। इस पर मंत्री समर्थकों ने नारेबाजी कर रहे लोगों की पिटाई कर दी। धनबाद में पुलिस ने गुरुवार शाम रामनवमी शोभायात्रा को चिरकुंडा जाने से रोक दिया। इससे शोभायात्रा में शामिल लोगों व पुलिस के बीच झड़प हो गई। खबर पाकर चिरकुंडा थाने की पुलिस पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश की। आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में रामनवमी उत्सव के दौरान गुरुवार को एक मंदिर में आग लग गई। अधिकारी ने बताया कि दुव्वा गांव में उत्सव के दौरान जुलूस में वेणुगोपाल स्वामी मंदिर परिसर से भक्त पहले ही बाहर जा चुके थे, इसलिए कोई घायल नहीं हुआ।

# कठिन दौर में कैसा हो आगामी बजट, वैश्विक और घरेलू परिस्थितियों पर एक साथ देना होगा ध्यान

अगले महीने देश का आम बजट पेश होने जा रहा है। यूं तो बजट को संतुलन साधने की कवायद ही कहा जाता है, लेकिन इस बार सरकार के समक्ष यह चुनौती और बड़ी होने जा रही है। जहां वैश्विक अस्थिरता से अर्थव्यवस्था की सेहत पर असर पड़ रहा है, वहीं अगले साल सरकार को चुनावी परीक्षा में भी उतरना है। ऐसे में बजट में कुछ ऐसी लचीली रणनीति अपनानी होगी, जिसमें राजकोषीय तस्वीर भी न बिगड़े और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को निरंतर गति मिलती रहे। इसमें कोई संदेह नहीं कि वैश्विक परिस्थितियों ने इस समय तमाम गणित बिगाड़ दिए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से कई देशों में महंगाई बेलगाम हो गई है। इससे मांग पर असर पड़ा है और वैश्विक मंदी की आशंका गहराने लगी है। इसे लेकर भी कुछ नहीं कहा जा सकता कि इन आकार लेती परिस्थितियों से निपटने के लिए पश्चिमी देशों के केंद्रीय बैंक किस रणनीति का अनुसरण करते हैं। वहीं कोविड को लेकर नई आशंकाओं ने भी चिंता बढ़ाई है। इन पहलुओं को देखते हुए हमारे आर्थिक नीति-नियंताओं को बजट को अंतिम रूप देते समय बहुत मशक्कत करनी होगी। वैश्विक रुझान इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। भारत में भी रिजर्व बैंक ने मई से जो दरें बढ़ानी शुरू की हैं, उसका असर अगले वित्त वर्ष की वृद्धि पर देखने को मिल सकता है। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की नामिनल वृद्धि 15 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो अगले वित्त वर्ष में घटकर 10.5 प्रतिशत से 11 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। इसका अर्थ होगा कि




राजस्व वृद्धि में भी कुछ सुस्ती आएगी, जिससे खुले हाथ से खर्च के लिए गुंजाइश भी घट जाएगी। इसलिए सरकार को सोच-समझकर कदम आगे बढ़ाने होंगे। सरकार आवश्यक खर्चों और सब्सिडी से मुंह नहीं फेर सकती। असल में संवेदनशील वर्गों के लिए ऐसा संरक्षण आवश्यक है। इसीलिए सरकार खाद्य सब्सिडी पर खर्च को निरंतर जारी रखे हुए है। जहां तक उर्वरक और ईंधन सब्सिडी का प्रश्न है तो यह अंतरराष्ट्रीय कारकों पर निर्भर करेगा। हाल-फिलहाल इनकी अंतरराष्ट्रीय कीमतों में अपने चरम से कुछ नरमी आई है, जो सरकार के लिए राहत की बात है, लेकिन यदि यह रुझान बदला तो सरकार का हिसाब बिगड़ेगा। ऐसे में, यही संभावना अधिक है कि बजट में सरकार इन सब्सिडी को लेकर यथास्थिति कायम रखेगी। बजट में सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता ऐसे परिवेश को प्रोत्साहन देने की होनी चाहिए, जिसमें उपभोग के बजाय निवेश और क्षमता निर्माण को गति मिले। यदि उपभोग पर अधिक ध्यान केंद्रित हुआ तो महंगाई के विरुद्ध रिजर्व बैंक की मुहिम निस्तेज पड़ेगी। यह मोर्चा इसलिए भी मुश्किल है, क्योंकि वैश्विक मांग सुस्त होने की स्थिति में घरेलू मांग का ही अधिक सहारा रह जाता है। ऐसे में सरकार को ऐसे प्रयास करने होंगे कि महंगाई पर दबाव बढ़ाए बिना ही इस राह पर गाड़ी आगे बढ़ जाए। करदाताओं की ओर से करों में राहत दिए जाने का दबाव होगा, लेकिन इस मांग की पूर्ति के लिए भी सरकार के पास गुंजाइश नहीं है। इसके बजाय सरकार को क्षमता विस्तार से जुड़े निवेश पर फोकस करना होगा। इसके अलावा उत्पादन आधारित प्रोत्साहन यानी पीएलआइ जैसी योजनाओं का दायरा बढ़ाना होगा। जलवायु परिवर्तन इस समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। इसके चलते प्रतिकूल मौसम परिस्थितियां फसल चौपट करने से लेकर सामान्य गतिविधियों को प्रभावित कर उत्पादकता को घटाती हैं। यह बिल्कुल सही समय है कि सरकार इस ओर ध्यान दे। बड़ी कंपनियों के पास तो हरित तकनीक की ओर कूच करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन आम तौर पर छोटे उद्यमों के पास उनका अभाव है। उन्हें हरित ऊर्जा की ओर उन्मुख करने के लिए सरकार को ही आगे आना होगा। इस मामले में जितना विलंब होगा, उतना ही दूरगामी नुकसान होता रहेगा। असल में, जलवायु परिवर्तन से जुड़े उपायों पर खर्च बढ़ाने से किसानों सहित तमाम अंशभागियों को लाभ पहुंचेगा। इसके साथ ही कृषि जैसे क्षेत्र से जुड़ी अवसंरचना और अन्य सहयोगी पहलुओं पर ध्यान देना होगा। इसे समझने के लिए इस वर्ष प्याज की कीमतों के रुझान की चर्चा उपयोगी होगी। इस वर्ष प्याज उत्पादन वाले कई प्रमुख इलाकों में वर्षा की वजह से फसल को नुकसान हुआ, लेकिन प्याज के दाम बहुत ज्यादा नहीं बढ़े। ऐसा इसलिए, क्योंकि सरकार ने भंडार में संग्रहित प्याज को आपूर्ति के लिए खोल दिया। इसलिए विशेषकर कृषि जैसे उत्पादों के लिए आवश्यक इकोसिस्टम बनाने के लिए बजट में विशेष प्रविधान किए जाएं, ताकि उत्पाद बिल्कुल भी बर्बाद न हो और उनकी निरंतर आपूर्ति से कीमतें भी स्थिर रहें। मोदी सरकार का अभी तक का रिकार्ड यही कहता है कि वह बजट में भारी लोकलुभावन घोषणाओं से बचती आई है और उसे देखते हुए इस बार भी यही लगता है कि बजट में राजनीति पर अर्थनीति को ही वरीयता मिलेगी। यह समय की मांग भी है, क्योंकि वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं, जिससे भारत पर भी दबाव बढ़ा है। ऐसी स्थिति में भी सरकार यदि राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 6.4 प्रतिशत के दायरे में रखने में सफल रहती है तो यह प्रशंसनीय होगा। मौजूदा स्थिति में चालू वित्त वर्ष में भारत की सात प्रतिशत की वृद्धि दर बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे बेहतर होगी और अगले अत्यंत चुनौतीपूर्ण वर्ष में उसके छह प्रतिशत रहने का अनुमान भी हालात के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह बजट में तार्किक रूप से खर्च करे, ताकि आर्थिकी सही दिशा में आगे बढ़े।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छे नहीं आसार, शांति के लिहाज से 2023 के भी कुछ बेहतर रहने की उम्मीद नहीं

बीता साल शांति के नहीं, बल्कि सशस्त्र टकराव के नाम रहा। जहां रूस ने यूक्रेन पर हमला बोल दिया तो यमन और सीरिया से लेकर इथियोपिया तक युद्ध की आग भड़कती रही। इस बीच कई देशों में आंतरिक संघर्ष भी तेज होता गया। पाकिस्तान-अफगानिस्तान बेल्ट से लेकर म्यांमार और नाइजीरिया में ऐसा देखने को मिला। हालांकि दुनिया पर अगर किसी ने सबसे ज्यादा असर डाला तो यह यूक्रेन में छिड़ा वह युद्ध ही था, जिसने वैश्विक ऊर्जा और खाद्य संकट उत्पन्न कर दिया और इससे तमाम देश बुरी तरह प्रभावित हुए। ऐसे में कुछ सवाल स्वाभाविक हैं। क्या 2023 अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए बेहतर सिद्ध होगा? क्या इस साल वैश्विक ऊर्जा और खाद्य संकट से कोई राहत मिलेगी और कोविड-19 पर अंततः पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सकेगा वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल से ऊर्जा संसाधनों के दाम खासे बढ़ गए हैं। इसकी एक वजह यूरोप की सस्ते रूसी ऊर्जा संसाधनों से किनारा करना रही, जिसने उसकी वृद्धि को शक्ति दी थी। वैश्विक ऊर्जा खपत में यूरोपीय संघ की 11 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसे देखते हुए एक ऐसे समय जब अंतरराष्ट्रीय तेल और एलएनजी आपूर्ति पहले से ही तंग है, तब उसके वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों की ओर पलायन के गहन वैश्विक दुष्प्रभाव दिखे। ऊर्जा की ऊंची कीमतों ने कई देशों में महंगाई को बेलगाम कर दिया, जिसने दैनंदिन जीवन को दुश्वार बना दिया। इसी परिदृश्य में इस साल वैश्विक मंदी की आहट सुनाई पड़ रही है। जब कोविड-19 की आशंका कमजोर पड़ती और जनजीवन सामान्य होता दिखने लगा तो चीन में कोविड की नई सुनामी ने वैश्विक स्तर पर नए संक्रमण का खतरा बढ़ा दिया है। तीन साल पहले चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के शासन ने घरेलू स्तर पर कोविड पर पर्दा डालने के फेर में एक वैश्विक महामारी को जन्म दिया। चीन ने हाल में अपनी शून्य कोविड नीति को एकाएक समाप्त कर सभी बंदिशें हटा दीं, जिसका नतीजा कोविड की जबरदस्त लहर के रूप में सामने आया और यह आशंका बढ़ गई है कि यह देश दुनिया में किसी नए वैरिएंट को भेज सकता है। इस आशंका को इसलिए भी बल मिलता है, क्योंकि कोविड की मौजूदा लहर को अपने ही देश में नियंत्रित रखने के बजाय चीन ने अंतरराष्ट्रीय आवाजाही से जुड़े सभी प्रतिबंध हटा लिए हैं। इस महामारी को लेकर चीन का रवैया शुरू से ही संदिग्ध रहा है। जब कोविड-19 उसकी सीमाओं के भीतर पनपा तो उसने वुहान और वायरस प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को विदेश जाने की अनुमति तो जारी रखी, लेकिन उनकी घरेलू आवाजाही प्रतिबंधित कर दी, ताकि वे बीजिंग, शंघाई और अन्य चीनी शहरों में कोरोना वायरस का संक्रमण न ले जाएं। जब थाइलैंड और दक्षिण कोरिया में कोविड के मामलों की कड़ी वुहान से जुड़ी, तब जाकर उसने 21 जनवरी, 2020 को अपने यहां कोरोना की बात मानी। तभी उसने यह भी माना कि इसका मानव से मानव में संक्रमण हो रहा है। उसके बाद भी कोविड की उत्पत्ति और वुहान की प्रयोगशाला से जोड़ी जा रही कड़ियों को लेकर चीन ने दुनिया को अंधेरे में रखा और अपनी ताकत से इससे जुड़ी जांच को प्रभावित किया। अब तक करीब 67 लाख लोगों का काल बन चुकी महामारी से भी स्वास्थ्य के मोर्चे पर नया संकट आसन्न दिखता है। याद रखें कि वुहान में विज्ञान की आड़ में मानवता के प्रति ऐसा खतरा उत्पन्न हुआ है, जो परमाणु हथियारों से भी खतरनाक है। 2022 शांति के लिहाज से बढ़िया नहीं रहा और नए शीत युद्ध के चलते 2023 के भी कुछ बेहतर रहने के आसार नहीं। अंतरराष्ट्रीय कानून जहां शक्तिशालियों के विरुद्ध शक्तिहीन होते हैं वहीं निर्बलों के विरुद्ध ताकतवर। अंतरराष्ट्रीय टकराव अक्सर तभी बढ़ते हैं, जब बड़ी शक्तियां अपनी सुरक्षा दायरे को बढ़ाने का प्रयास करती हैं

## संक्षिप्त समाचार

### सपा विधायक पूजा के भाई पर बम से हमले का प्रयास, पुलिस बोली-गलत सूचना

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** में सपा विधायक पूजा पाल के भाई राहुल पाल पर बम से हमले का प्रयास का मामला सामने आया है। बुधवार शाम को उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है। इसके मुताबिक, मंगलवार शाम को ही जब वह कहीं जा रहा था, उस समय उसकी कार के पीछे धमाके की आवाज आई। जब उसने पलट कर देखा तो पाया कि धुआं उड़ रहा है। इसके बाद एक और धमाका हुआ। इसकी शिकायत राहुल ने बुधवार को धूमनगंज पुलिस में की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले



की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, जिन दो जगहों पर राजू पाल ने बम से हमले की सूचना दी थी। वहां दोनों जगह पर जांच की गई। उन जगहों पर पटाखे के अवशेष मिले हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि बच्चों द्वारा पटाखे बाजी की गई थी। बम से संबंधित कोई भी साक्ष्य मौके पर नहीं मिले न हीं किसी द्वारा ऐसी बात बताई गई। मौके पर लगे वीडियो फुटेज की भी जांच की गई तो बम के हमले जैसा कोई साक्ष्य नहीं मिला है बता दें, मंगलवार को ही उमेश पाल के अपहरण केस में अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। उमेश पाल बसपा विधायक राजू पाल के रिश्तेदार थे। राजू पाल हत्याकांड में उमेश पाल मुख्य गवाह थे। पूजा पाल राजू पाल की पत्नी हैं।

# ग्राम पंचायत आखेटपुर में रामनवमी के दिन लगी भक्तों कि भीड

(आधुनिक समाचार सेवा)
**शहडोल।** ग्राम पंचायत आखेटपुर में प्रसिद्ध देवी मंदिर में हमेशा कि तरह इस बार भी भक्तों कि भीड ग्राम और आस पास के कई गांवों कि जनता का इस देवी मंदिर से आस्था जुड़ी हुई, लोग अपनी मन्नत इस देवी मंदिर में मांगते हैं और



रामनवमी के दिन लगी , रौंका कार्यक्रम आयोजित किया हुआ जिसमें भक्तों ने पूरा गांव जबा कलसा भ्रमण किया गया, यह परंपरा पिछले सौ वर्षों से ज्यादा वर्षों से अपनाई जा रही है, पूरे पूरा होने पर अपनी आस्था प्रकट करते हैं इस मंदिर कि व्यवस्था संचालन के लिए एक समिति बनी हुई है जिससे पूरा व्यवस्थित कार्यक्रम प्रत्येक साल आयोजित कि जाती है

# विश्व बाइपोलर दिवस 2023 हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रयागराज के नोडल अधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में विश्व बाइपोलर दिवस 2023 हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय के प्रांगण में किया गया। जहां तमाम मरीजों और तीमारदारों को मानसिक स्वास्थ्य की अहमियत तथा मानसिक परेशानी के अंतर्गत आने वाले बाइपोलर. डिसऑर्डर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां बताई गई कि यह मन मिजाज में होने वाली परेशानियों में से एक है जिसका एक पक्ष कभी खुशी यानी मेनिया का रूप है तथा दूसरा पक्ष कभी गम यानी डिप्रेशन का रूप है त् अगर समय रहते मन में आने वाले इन बदलाव को हम पहचाने और स्वीकारें तो इसके बचाव के उपाय हम बहुत आसानी से अपना सकते हैं.। डॉ. ईशान्या राज,नैदानिक मनोवैज्ञानिक, ने बताया कि हर साल 30 मार्च का दिन वर्ल्ड बाइपोलर डे के रूप में मनाया जाता है. बता दें कि बाइपोलर डिसऑर्डर एक प्रकार की मानसिक समस्या होती है, जिसमें व्यक्ति बहुत गंभीर मिजाज का होता है और उसे समझ ही नहीं आता कि उसके आसपास क्या हो रहा है या वह स्थिति से कैसे सामना करें कुछ परिस्थितियों में व्यक्ति जरूरत से ज्यादा खुश भी हो जाता हैत् वह हर वक्त अपने आसपास एक प्रकार की दुविधा महसूस करता हैतजब ये समस्या बढ़ जाती है तो लक्षणों के तौर पर आत्मविश्वास की कमी हो जाना, आत्महत्या की इच्छा प्रकट करना, अपनी इच्छाओं में कमी आ जाना, थकान महसूस करना, ऊर्जा में कमी महसूस करना, चिड़चिड़ापन महसूस करना, हर वक्त दुखी रहना आदि लक्षण नजर आ सकते है।



# श्रद्धा, उल्लास से मनाई जा रही राम नवमी



(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** रामनवमी गुरुवार को श्रद्धा, उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर मंदिरों में अनुष्ठान, पूजन किया जा रहा है। घरों में व्रती जन हवन-पूजन करके मां से सुख-समृद्धि की कामना कर रह हैं। देवी के निमित्त कन्याओं का विधिविधान से पूजन करके भोज कराया गया। सिद्धपीठ अलोपशंकरी देवी, ललिता देवी और कल्याणी देवी में सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। देवी मंदिरों में मां दुर्गा के नवें स्वरूप सिद्धिदात्री के स्वरूप को पूजन-अर्चन किया गया। मंदिरों में देवी के दर्शन के लिए सुबह से कतार लगी रही। रामनवमी पर सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। अग्रवाल समाज की ओर से सिविल लाइंस हनुमत निकेतन में शाम चार बजे गायिका तृप्ति शाक्या भजन प्रस्तुति करेंगी।

# सुरक्षा सर्वोपरि, सुरक्षा को दिनचर्या में शामिल करे

(आधुनिक समाचार सेवा)
**अनपरा/सोनभद्र।** हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन रेणुसागर के सुरक्षा विभाग द्वारा स्थानीय प्रेक्षागृह में माह भर चलाये जा रहे सुरक्षा समारोह के तहत सेफ्टी सब कमेटी व टास्क फोर्स की समीक्छा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रेनूसागर पावर डिवीजन के अध्यक्ष ऊर्जा के.पी.यादव, ऑफ द जॉब सेफ्टी टास्क फोर्स की प्रमुख इंदू यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंबई कारपोरेटऑफिस से आये सेफ्टी हेड सुनील बैलवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ततपश्चात कार्यक्रम में सर्व प्रथम 12 सेफ्टी टास्क फोर्स टीम व 5 सेफ्टी सब कमेटी की टीम ने भाग लिया , जिसमे सेफ्टी से सम्बंधित शेयरिंग लर्निंग के बारे में सभी टीमों ने अपनी उपलब्धि बताई तथा आने वाले समय में सुरक्षा की चुनौतयों से कैसे मुकाबला किया जाये उसके लिए बेस्ट प्रैक्टिसेज व प्रोजेक्टर के सहायता से केस प्रेजेंटेशन के द्वारा बिस्तृत रूप से समझाया गया। इसके आलावा समय समय पर सेफ्टी से सम्बंधित क्विज कम्पटीशन का भी आयोजन किया गया था। तत्पश्चात सभी सेफ्टी टास्क फोर्स की टीमों द्वारा दिए गए केस प्रेजेंटेशन कम्पटीसन का अवलोकन कर निर्णायक के भूमिका निभा रहे मैंटीनैंस हेड विभाग संजय सिंह,मानव संसाधन विभाग हेड शैलेश विक्रम सिंह व सञ्चालन विभाग हेड गुलसन तिवारी तीनो जजों ने इंदू यादव की टीम ऑफ द जॉब सेफ्टी टास्क फोर्स को प्रथम स्थान , द्वितीय स्थान क्रमश गुलसन तिवारी की टीम इंसीडेंट इन्वेस्टीगेशन सेफ्टी सब कमेटी व राजेश सैनी की टीम वर्क एट हाईट को संयुक्त रूप से दिया गया तथा सुदीप्ता नायक की टीम इलेक्ट्रिकल सेफ्टी को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अध्यक्ष ऊर्जा के.पी.यादव ने सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि रेणुसागर टीम की सुरक्षा के प्रति यही जोसो खरोस रहा तो हमें जीरो हार्म प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होगी ,उन्होंने इस आयोजन के लिए सेफ्टी विभाग की सराहना करते हुए कहा कि हमें सुरक्षा को दिनचर्या में आवश्यक रूप से शामिल करना चाहिए जिससे हम अपने उद्देश्य जीरो हार्म को आसानी से प्राप्त कर सके। इसी क्रम में कारपोरेटऑफिस से आये सेफ्टी हेड सुनील बैलवार ने ऑफ द जॉब सेफ्टी कमेटी व अन्य टीमों द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेज व प्रोजेक्टर के सहायता से केस प्रेजेंटेशन कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को टीम भावना से किया जाय तो वह कार्य आसान हो जाता है उसी का उदाहरण है रेणुसागर पावर प्लांट की टीम, हमें पूरा भरोसा है कि रेणुसागर पावर प्लांट हमेसा सुरक्षा के मापदण्डो की कसौटी पर सर्वश्रेठ पावर प्लांट कि उपलब्धि हासिल करता रहेगा। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम के आयोजक सुरक्षा विभाग के प्रमुख अरविन्द सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सञ्चालन प्रमुख रूप से अभिनीत सिंह ,चंदा त्रिपाठी ,दिव्य श्री , तन्मय शुक्ला व समापन सुरक्षा विभाग के अधिकारी अभिनीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सभी विभागो के विभागाध्यक्ष, टास्क फोर्स कमेटी के अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।





# पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन सेक्टर- 76, नोएडा बाजार कमेटी ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** नोएडा पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन सेक्टर- 76, नोएडा दैनिक बाजार कमेटी ने सेक्टर- 76, नोएडा भंडारे के बारे में जानकारी देते हुए यूनियन के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी यूनियन की




पर कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी रामेश्वर स्वामी, राकेश, परवेज आलम, देवनारायण, पप्पू, मेघनाथ सैनी, रामरक्षपाल, अभय कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता लाला पहलवान, अभय सिंह आदि के नेतृत्व में आज विशाल भंडारे का आयोजन किया। सेक्टर- 76, नोएडा बाजार कमेटी द्वारा आयोजित भंडारे में कई सौ गरीब जरूरतमंद लोगों ने पर निशुल्क भोजन किया। उन्होंने कहा कि हमारी कमेटियां इस तरह के कार्यक्रम अक्सर आयोजित करती रहती है।

# डीआरएम संग रेल संरक्षा आयुक्त ने सड़क मार्ग कीड़िहरापुर स्टेशन का किया गहन निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**वाराणसी।** रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालन सुगमता हेतु मूलभूत ढाँचे में विस्तार के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी कीड़िहरापुर स्टेशन पहुँचे और कीड़िहरापुर रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया।उन्होंने कीड़िहरापुर स्टेशन पर वी डी यू नियंत्रण पैनल, इंटिग्रेटेड पावर करते हुए समपार फाटक सं-27ण् पर पहुँचे और दोहरीकरण के मानकों के अनुरूप निरीक्षण किया और संरक्षा उपकरणों की जाँच की एवं गेटमैन वकील कुमार से संरक्षा अनुरूप किये गये परिवर्तनों का संरक्षा निरीक्षण करते हुए इंदारा स्टेशन पहुँचे और इंदारा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और दोहरीकृत रेल खण्ड के मानक



मंडल के औड़िहार-भटनी रेल खण्ड पर इन्दारा- कीड़िहरापुर (14.6 किमी) रेल खण्ड के विद्युतीकृत लाइन के साथ दोहरीकरण की ओपनिंग हेतु मोहम्मद लतीफ खान रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्वी सर्किल द्वारा साथ 30 मार्च,2023 को संरक्षा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)एस0सी श्रीवास्तव मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय,रेल विकास निगम लिमिटेड के मुख्य परियोजना प्रबंधक वी0के शुक्ला,अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) राहुल श्रीवास्तव समेत वाराणसी मंडल एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।इस दौरान रेल संरक्षा आयुक्त मो0 लतीफ खान सड़क मार्ग से सबसे पहले सप्लाई रूम रिले रूम एवं उसमें स्थापित डाटालॉगर एवं रिले रूम की संरक्षा से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं की जाँच की। तदुपरांत उन्होंने स्टेशन से जुड़े समपार फाटकों एवं केबिन की स्टेशन पैनल से संपर्क माध्यम एवं कम्युनिकेशन की भी जाँच की। रेल संरक्षा आयुक्त ने कीड़िहरापुर स्टेशन के संरक्षा निरीक्षण के अंतर्गत किमी सं-47/110 पर पॉइंट एण्ड क्रासिंग पॉइंट सं- 10ीं का गेज परीक्षण करते हुए किमी सं-47/190 पर स्थित स्विच एक्सटेंशन जॉइंट का परिक्षण किया इसके साथ ही उन्होंने स्विच रेल पर क्रास लेवल की जाँच किया। निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त कीड़िहरापुर स्टेशन से मोटर ट्राली से कीड़िहरापुर-इन्दारा ब्लॉक खण्ड का निरीक्षण प्रश्न पूछकर उसके संरक्षा ज्ञान से संतुष्ट हुए । इसके बाद वे इस ब्लॉक सेक्शन में किमी सं-53/100 पर पड़ने वाले मेजर ब्रिज संख्या-59 पर नवनिर्मित दूसरे ब्रिज के फाउंडेशन, सपोर्ट एवं गर्डर फिटिंग्स का गहन निरीक्षण किया और ब्रिज को जंकरोधी पेंटिंग कराने एवं ब्रिज के क्रमिक अनुरक्षण के लिए निचे उतरने हेतु सीमेंटेड अप्रोच बनाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त किमी सं-54/4 पर स्थित माईनर ब्रिज सं-60 पर पहुँचे और दोहरीकरण के अंतर्गत निर्मित दूसरे पुल के फाउंडेशन,अप्रोच एवं फिटिंग्स का निरीक्षण किया साथ ही संतुलन की जाँच की । इसके पश्चात रेल संरक्षा आयुक्त उक्त रेल खण्ड पर दोहरीकरण के मानकों के के अनुरूप यार्ड प्लान, प्लेटफार्म क्लियरेंस,पैदल उपरिगामी पुल का क्लियरेंस, पावर सब स्टेशन,स्टेशन वर्किंग रूल, ट्रैक्शन लाइन तथा उसके फीडर से आइसोलेशन आदि की संरक्षा परखी और विद्युतीकृत रेल खण्ड के दोहरीकरण के मुताबिक विकसित सभी कार्य मानक के अनुरूप पाया। इस दौरान अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने मीडिया को बताया कि भटनी से औड़िहार रेल खंड 117 किमी. के दोहरीकरण हेतु रू0 1177 करोड़ स्वीकृत है, जिसके अन्तर्गत 12 वृहद पुल तथा 108 छोटे पुलों सहित अन्य यात्री सुविधाओं का प्रावधान किया जा रहा है।

# एनटीपीसी दादरी नैगम सामाजिक दायित्व द्वारा मिहिरभोज इंटर कालेज में नव-निर्मित पुस्तकालय भवन का निर्माण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** एनटीपीसी दादरी के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत मिहिरभोज इंटर कालेज दादरी में नव-निर्मित पुस्तकालय भवन, सीएचसी दादरी में कोविड वार्ड और ग्राम श्यौराजपुर से ग्राम खोदना कलां के बीच सीसी रोड का उद्घाटन 30 मार्च को मिहिरभोज इंटर कालेज में हुआ। कार्यक्रम में सांसद (गौतमबुद्धनगर) डा0 महेश शर्मा , विधायक (दादरी) तेजपाल नागर, मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर तेजप्रताप मिश्र, एवं मुख्य महाप्रबंधक (दादरी) गंपा ब्रह्माजी राव, और महाप्रबंधक (मानव संसाधन) वी शिवा प्रसाद राव, के कर-कमलों से हुआ। एनटीपीसी दादरी नैगम सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत रू0 58.19 लाख की लागत से मिहिर भोज इंटर कालेज दादरी में पुस्तकालय भवन का निर्माण, रू0 33.15 लाख की लागत से सीएचसी दादरी में कोविड वार्ड एवं रू0 39.60 लाख की लागत से ग्राम श्यौराजपुर से ग्राम खोदना कलां के बीच सीसी रोड का निर्माण किया गया है। इन भवनों तथा सीसी रोड के निर्माण से दादरी क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं निवासियों को लाभ मिलेगा। एनटीपीसी दादरी अपनी स्थापना काल से ही आसपास के ग्रामों के विकास में सहायता के लिए कृत संकल्प है। विकास के विभिन्न कार्यों को हमारे सीएसआर विभाग द्वारा पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर बडी संख्या में दादरी क्षेत्र के निवासी उपस्थित रहे।




# दुनिया की पहली 7.2 मीटर हाई-राइज वंदे भारत एक्सप्रे का ट्रायल शुरू, दिल्ली से जयपुर रूट पर दौड़ेगी ट्रेन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** वंदे भारत एक्सप्रेस को भारत का भविष्य माना जा रहा है। अब यह एक्सप्रेस आधुनिक सुविधाओं और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे जैसी बेहतर सुविधाओं के साथ तेजी से देखने को मिल रही है। वंदे भारत एक्सप्रेस ने दुनिया की पहली 7.2-मीटर हाई-राइज ट्रेन सेट की एक और उपलब्धि हासिल कर चुका है यह ट्रेन अपने पहले ट्रायल रन के लिए दिल्ली-जयपुर-अजमेर रूट पर उतर चुकी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने ट्विटर हैंडल पर सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन के सफल ट्रायल रन का वीडियो भी शेयर किया है। यह ट्रेन अपने पहले ट्रायल रन के लिए दिल्ली-जयपुर-अजमेर रूट पर उतर चुकी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने ट्विटर हैंडल पर सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन के सफल ट्रायल रन का वीडियो भी शेयर किया है। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस महीने के दूसरे सप्ताह में कैरिज एंड वैगन मेंटेनेंस डिपो और रेलवे



स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, ठनया वंदे भारत 31 मार्च या अप्रैल के पहले सप्ताह तक लॉन्च किया जाएगा। मैं यहां यह देखने के लिए आया हूं कि वंदे भारत के रखरखाव सही तरीके से हो रहा है या नहीं।ठ अगर सब कुछ ठीक रहा तो वंदे भारत एक्सप्रेस अजमेर और नई दिल्ली के बीच जयपुर में पिटस्टॉप के साथ चलेगी। ट्रेन अलवर और गुरुग्राम में भी रुकेगी। शुरुआत में ट्रेन को धीमी गति से चलाया जाएगा और धीरे-धीरे इसकी गति बढ़ाई जाएगी। इसके लगभग तीन घंटे में अपने गंतव्य तक पहुंचने की उम्मीद है। वर्तमान में, दिल्ली और जयपुर के बीच यात्रा करने में चार घंटे से अधिक समय लगता है। इस एक्सप्रेस ट्रेन के चलने से यात्रा के समय आधा रह जाएगा। जहां पहले चार से पांच घंटे लगा करते थे, वहां यह सफर मात्र दो घंटे में तय कर लिया जाएगा। रूट की वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पेंटोग्राफ के नए डिजाइन के साथ बनाना पड़ा है, क्योंकि इस रूट पर डबल डेकर चलते हैं, जिसमें बिजली के तार ऊंचे होते हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस के पैंटोग्राफ को खासतौर पर डिजाइन किया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री ने समाचार एजेंसी को बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस के लॉन्च से पहले इसमें कुछ तकनीकी बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रेलवे मार्ग पर ट्रेन की गति में सुधार के लिए दो पहलों को लागू करेगा। जिसमें से एक डबल-डिस्टेंस सिग्नलिंग सिस्टम है। दिल्ली और जयपुर के बीच चलने वाली यह ट्रेन 28 मार्च को इंटीग्रल कोच फैक्ट्री से जयपुर के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन के लिए अन्य उपकरणों को अभी असेंबल किया जा रहा है।

# फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में छाई 'गोदावरी'




(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** यहां देखें विनर्स की पूरी लिस्टनई दिल्ली, जेएनएन। मराठी सिनेमा की सबसे बड़ी शाम, प्लैनेट मराठी प्रेजेंट्स का 7वां एडिशन फिल्मफेयर अवार्ड्स मराठी 2022, 30 मार्च को महाकवि कालिदास नाट्यमंदिर हॉल, मुलुंड, मुंबई में आयोजित किया गया। सितारों से भरी इस रात को एक्टर अमेय वाघ और सिद्धार्थ जाधव ने होस्ट किया था।

# देसी एंटरटेनर है 'दसरा', नानी की फिल्म का ओपनिंग डे पर इतने करोड़ से खुला खाता

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार श्रीकांत ओडेला (नानी) ने पैन इंडिया फिल्म 'दसरा' के साथ बॉक्स ऑफिस पर दमदार तरीके से वापसी की है। 30 मार्च को रामनवमी के मौके पर रिलीज हुई फिल्म को लेकर लोगों में बराबर का क्रेज देखने को मिला। इसी दिन बॉलीवुड के सुपरस्टार अजय देवगन की 'भोला' भी रिलीज हुई। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर पहले ही दिन इन दोनों फिल्मों की जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। चलिये जानते हैं कि 'भोला' के सामने 'दसरा' ने टिकट विंडो पर कितने करोड़ से अपना खाता खोला। पिछले कुछ समय से बॉक्स ऑफिस पर साउथ की फिल्मों का डंका बजा है। बॉलीवुड की फिल्मों के मुकाबले साउथ जोन से आई फिल्मों को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। 'कांतारा' और 'पुष्पा' इसका सटीक उदाहरण हैं। वहीं, हाल ही में तेलुगू मूवी 'दसरा' रिलीज हुई, जिसके पहले दिन की कमाई इस बात का इशारा करती है कि यह फिल्म आगे चलकर कमाल करेगी। 'दसरा' टिपिकल



साउथ इंडियन फिल्म है, जिसकी कहानी सिंगरेनी कोल माइन्स पर आधारित है। मूवी में श्रीकांत यानी कि नानी लीड रोल में हैं। फैंस को नानी की एक्टिंग बहुत आई है। बिना किसी तामझाम के बनाई गई इस फिल्म का हर सीन अगले सीन की कड़ी को कमाल के तरीके से जोड़ता है। फर्स्ट हाफ से लेकर अंत तक, फिल्म कहीं भी अपनी पकड़ नहीं छोड़ती। यही वजह है कि फिल्म ऑडियंस का मनोरंजन करने में कामयाब रही है। इस बीच बात करें 'दसरा' के पहले दिन के कलेक्शन की, तो शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, फिल्म ने ओपनिंग डे पर 17 करोड़ कमाए हैं। ये सभी भाषाओं को मिलाकर सामने आए आंकड़े हैं। इनमें हिंदी भाषी आंकड़ों की बात करें, तो फिल्म ने 6.78 करोड़ का शानदार कलेक्शन किया है। इन आंकड़ों को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि वीकेंड पर फिल्म अच्छा कलेक्शन कर ले जाएगी। टिकट विंडो पर साउथ हिट फिल्मों की लिस्ट में एक और मूवी का नाम शामिल हो जाएगा। दसरा' के पहले दिन की कमाई का मुकाबला अगर अजय देवगन की 'भोला' से करें, तो यह फिल्म कुछ पीछे नजर आती है। फिल्म क्रिटिक रमेश बाला के अनुसार, 'भोला' ने 10 करोड़ से टिकट विंडो पर खाता खोला है। ऐसे में दोनों ही फिल्मों के बीच वीकेंड पर भी कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। दसरा' फिल्म को श्रीकांत ओडेला ने ही डायरेक्ट किया है। इस मूवी को लेकर अब तक लोगों के पॉजिटिव रिस्पांस सामने आए हैं। एक यूजर ने नानी की परफॉर्मेंस देखने के बाद उन्हें तेलुगू सिनेमा का सबसे वर्सटाइल स्टार बताया है। इस मूवी की स्टारकास्ट में नानी के अलावा कीर्ति सुरेश, दीक्षित शेट्टी, साईं कुमार, झांसी और शामना कासिम शामिल हैं। दसरा फिल्म के हिंदी वर्जन में नानी के डायलॉग्स को शरद केलकर की आवाज में डब किया गया है।

# जय गंगाजल' के लिए दिया था ऑडिशन लेकिन प्रियंका चोपड़ा को दिया गया रोल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** मृणाल ठाकुर जल्द फिल्म गुमराह में एक पुलिस अफसर की भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके अलावा आदित्य राय कपूर की अहम भूमिका है। अब उन्होंने इस बात का खुलासा किया है कि उन्हें इससे पहले भी एक कॉप की भूमिका के लिए चुना गया था। मृणाल ठाकुर ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में कई रोल खोए हैं। इसमें प्रकाश झा की फिल्म जय गंगाजल भी शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि इस फिल्म के लिए उन्होंने ऑडिशन दिया था। यह फिल्म 2016 में आई थी। हालांकि, यह फिल्म प्रियंका चोपड़ा के पास चली गई। एक कार्यक्रम में बोलते हुए मृणाल ठाकुर ने कहा कि भले ही उनका रोल प्रियंका चोपड़ा के पास चला गया लेकिन वह प्रियंका चोपड़ा के काम को पसंद करती है। मृणाल ठाकुर ने कहा,



'उन्होंने फिल्म में जो भी किया, मैं शायद उस समय वैसा नहीं कर पाती। मैं शायद तैयार नहीं थी।' मृणाल ठाकुर आगे कहती हैं कि जब वह अपना रोल खो देती थी या उन्हें रिजेक्ट किया जाता था तो उन्होंने सीखा कि रिजेक्शन का सामना कैसे किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कई अवसर ऐसे भी आए, जब वह छोड़ देना चाहती थी। मृणाल ठाकुर कहती हैं, 'जब लव सोनिया को रिलीज नहीं मिल रही थी क्योंकि इसका सब्जेक्ट बहुत ही हार्ड हीटिंग था। इस अवसर पर मुझे ऐसा लगा कि छोड़ देना चाहिए लेकिन फिर ख्याल आया कि मुझे अपना 100ज्ञ् देना चाहिए ताकि बाद में पछतावा ना हो।' मृणाल ठाकुर फिल्म अभिनेत्री हैं। वह हाल ही में कई फिल्मों में नजर आई हैं। उन्होंने अक्षय कुमार के साथ फिल्म सेल्फी में भी काम किया था। इस फिल्म का गाना कुड़िए नी तेरी वाइब काफी पसंद किया गया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी। फिल्म में इमरान हाशमी की भी अहम भूमिका थी। फिल्म के गाने हिट हुए है।

# जेठालाल की क्रश को टॉर्चर करेंगी कंगना रनोट 'लॉक अप' 2 में एंट्री पर मुनमुन दत्ता ने तोड़ी चुप्पी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** कंगना रनोट अपने कॉन्ट्रोवर्शियल शो लॉक अप 2 को लेकर चर्चा में छाई हुई हैं। सीजन वन की अपार सफलता के बाद अब एकता कपूर अपने शो की दूसरी किस्त भी लेकर आ रही हैं। इस बार भी इसे कंगना ही होस्ट करने वाली हैं और लगभग सारे ही कंटेस्टेंट्स के नामों पर मुहर लग चुकी है। इस लिस्ट में जो ताजा नाम सामने आया है, वो सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सबसे पॉपुलर कैरेक्टर का है। जेठालाल का दिल यानी बबीता जी को एकता कपूर के इस अत्याचारी खेल का निमंत्रण मिला। दर्शक चौंक गए कि आखिर मुनमुन दत्ता के शो छोड़ने के बाद जेठालाल का क्या होगा? वो किसे देखकर अपने दिन-रात गुजारेंगे? क्योंकि उनकी पत्नी



दयाबेन तो पहले ही शो से काफी सालों से लापता है। रिपोर्ट्स आईं कि मुनमुन, कंगना के इस खौफनाक खेल में ग्रिल होती दिखाई देने वाली हैं। पर असित मोदी का खौफ इस कदर एक्टर्स के दिलों में छाया है कि पूछिए मत। मुनमुन दत्ता ने खुद ही जेठाजी को ये कहते हुए राहत दे दी है कि वो अभी कही नहीं जा रही है। मुनमुन ने कंगना के 'लॉक अप 2' में एंट्री करने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनका कोई मूड नहीं 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने का और वो फिलहाल किसी भी रियलिटी शो में नहीं जा रही हैं। इस तरह से एक और टीवी एक्ट्रेस ने एकता कपूर के शो को ठुकरा दिया है।दरअसल, तारक मेहता के प्रोड्यूसर असित मोदी, अपने सीरियल के हर एक्टर से एक क्लॉज साइन करवाते हैं, जिसमें लिखा होता है कि तारक मेहता के अलावा वो कोई दूसरा सीरियल या रियलिटी शो नहीं कर सकते हैं। अगर करना भी है तो उन्हें परमिशन लेनी होगी। मुनमुन, फिलहाल ऐसे किसी मूड में नहीं है, तो उन्होंने इस अत्याचारी खेल के लिए ना ही कहा है।

# भोला' को नहीं मिला रामनवमी की छुट्टी का फायदा, औसत रही पहले दिन की कमाई

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** अजय देवगन की 'भोला' सिनेमाघरों में रिलीज हो है। भोला 30 मार्च यानी रामनवमी के दिन रिलीज हुई। उम्मीद की जा रही थी कि इसे छुट्टी के दिन का थी। पहले दिन की एडवांस बुकिंग इस तरफ इशारा भी कर रही थी, लेकिन बाद में लोगों की दिलचस्पी 4 दिनों का एक्सटेंडेड वीकेंड है, तो फिल्म मेकर्स और अजय देवगन को उम्मीद का दामन छोड़ना नहीं



चुकी है। पिछली फिल्म 'दृश्यम 2' से बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई करने वाली अजय देवगन और तब्बू की इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था, लेकिन मूवी हॉल में कही ये बेसब्री नजर नहीं आई। भोला के पहले दिन की कलेक्शन रिपोर्ट सामने आ चुकी है, तो चलिए नजर डालते हैं कि फिल्म ने कितने का कलेक्शन किया फायदा मिलेगा। देशभर में करीब 4000 स्क्रीन्स पर रिलीज ये फिल्म तमिल फिल्म 'कैथी' का ऑफिशियल हिंदी रीमेक है, इस फिल्म को खुद अजय देवगन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म के एक्शन और सस्पेंस सीन्स पर जमकर पसीना और पैसा दोनों बहाया गया है। ट्रेलर रिलीज के साथ ही लोगों में फिल्म को देखने की एक्साइटमेंट घटने लग गई। फिल्म की एडवांस बुकिंग बहुत ऑसम नहीं थी, इसे बस ठीक-ठाक ही कह सकते हैं। भोल ने पहले दिन सिनेमाघरों से 11.50 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म को रामनवमी की छुट्टी का भी फायदा नहीं मिला। भारी भरकम बजट को देखते हुए इस कमाई को औसत ही कहा जा सकता है। हालांकि, भोला के पास अभी चाहिए। भोला 120 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनी है। इस बजट के हिसाब से इसे अभी आने वाले दिनों में रफ्तार पकड़नी पड़ेगी। वर्ना ये कहना गलत नहीं होगा कि बहुत कठिन है डगर पनघट की। अजय की पिछली फिल्म दृश्यम 2 भी साउथ की ही रीमेक थी, बावजूद इसके फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था।

# 'संकट मोचन हनुमान' बनकर आ रहे हैं अरविंद अकेला कल्लू, जानें कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू इन दिनों एक के बाद एक नई फिल्में रिलीज कर रहे हैं। वहीं, अब वह एक नए अवतार में नजर आने वाले हैं। अरविंद अपनी आगामी फिल्म में संकट मोचन हनुमान की भूमिका में नजर आने वाले हैं। अब तक कल्लू को आपने कई सारे किरदार में देखा होगा, लेकिन इस बार अरविंद अकेला कल्लू का किरदार काफी अलग नजर आने वाला है। इस फिल्म की शूटिंग अरविंद जल्द ही शुरू करने वाले हैं। अरविंद अकेला कल्लू की इस फिल्म का शूटिंग अगले महीने यानी मई से शुरू हो जाएगी, जिसमें कल्लू संकट मोचन हनुमान की भूमिका करते नजर आने वाले हैं। अपने रोल को लेकर एक्टर काफी उत्साहित हैं। अरविंद के लिए यह किरदार बेहद अलग और चैलेंजिंग भी होने वाला है। अपने रोल को लेकर एक्टर ने कहा कि वह इस रोल को निभाने के लिए कड़ी मेहनत



करेंगे, जिसके लिए उन्होंने अभी से तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अरविंद अकेला कल्लू की इस फिल्म की प्रस्तुति जिया इनफोकस फिल्म क्रिएशन कर रही है। इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र एम त्रिपाठी हैं। फिल्म संकट मोचन हनुमान को लेकर धीरेंद्र ने बताया कि इस फिल्म की पटकथा काफी शानदार है, जिसे हम इस डिजिटल और ग्राफिकल एरा में नए रंग रूप के साथ प्रस्तुत करने वाले हैं। फिल्म एनिमेशन और ग्राफिक्स का बेजोड़ सामंजस्य देखने को दर्शकों को मिलेगा। फिल्म की पटकथा के अनुसार भोजपुरी इंडस्ट्री में अरविंद अकेला कल्लू काफी फिट आते हैं, इसलिए उन्हें फिल्म के लिए कास्ट किया है। यह एक धार्मिक फिल्म है लेकिन हमें उम्मीद है कि हमारी फिल्म हर वर्ग के दर्शकों के बीच पसंद की जाएगी।

# शो में भाग लेने पहुंचे अनुष्का-विराट, सोनम कपूर, रेड कारपेट पर दिखाया टशन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** क्रिश्चियन डीओर मुंबई शो में कई कलाकारों ने भाग लिया है। इसमें अनुष्का शर्मा, विराट कोहली, सोनम कपूर, अनन्या पांडे शामिल है। वहीं, इस अवसर पर ईशा अंबानी और राधिका मर्चेंट भी नजर आई। क्रिश्चियन डीओर 2023 फैशन शो मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया के पास आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अनुष्का शर्मा, विराट कोहली, सोनम कपूर, अनन्या पांडे, श्वेता बच्चन जैसे लोगों ने भाग लिया। अनुष्का शर्मा ने पीले रंग की ड्रेस पहन रखी थी। वहीं, उन्होंने डीओर मिनी बैग ले रखा था। विराट ने इस अवसर पर खाकी सूट पहन रखा था। वहीं, उन्होंने व्हाइट शर्ट पहन रखी थी। उनका वीडियो फोटोग्राफर विरल भयानी ने शेयर किया है। यह बड़ी तेजी से वायरल हो रही है। सोनम कपूर ने ड्रेस पहन रखा था। अनन्या पांडे ने पिंक आउटफिट पहन रखा था। वह काफी खूबसूरत लग रही थी। वहीं, ईशा अंबानी के अलावा राधिका मर्चेंट को भी देखा गया। दोनों लेडी डीओर बैग लिए हुई थी। गेटवे ऑफ इंडिया की पृष्ठभूमि में इस फैशन शो का आयोजन किया गया था। यह एक फैशन ब्रांड है। इसे कई कलाकार पसंद भी करते है। अनुष्का शर्मा विराट कोहली को इसके पहले इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर कार्यक्रम में भी देखा गया था। दोनों ने हाल ही में अपना नया एनजीओ सेवा लांच किया है। दोनों इसके पहले अपना अलग-अलग एनजीओ चलाते थे। हालांकि, बाद में दोनों ने इसे मिला कर एक एनजीओ 'सेवा' नाम से रखने का निर्णय लिया है। दोनों ने हाल ही में इसे लेकर एक घोषणा भी की थी। अनुष्का शर्मा विराट कोहली की सोशल मीडिया पर काफी बड़ी फैन फॉलोइंग है। दोनों का अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। दोनों की जोड़ी सोशल मीडिया पर भी काफी फेमस है। दोनों कई ब्रांड्स भी साथ में मिलकर प्रमोट करते है। अनुष्का शर्मा जल्द फिल्म छकड़ा एक्सप्रेस में नजर आनेवाली है। इस फिल्म में उनके अलावा और भी कई कलाकारों की अहम भूमिका होगी। वह जल्द कई फिल्मों में भी नजर आनेवाली है।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।

सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।